हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 185, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 4 जनवरी, 2024 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

## पहले पलायन को मजबूर परंपरागत उद्यमियों के चेहरे पर आज खिल रही मुस्कान : योगी

### वोकल फॉर लोकल अभियान पर सबसे पहले मोहर लगाने वाला राज्य है यूपी

लखनऊ। आज उत्तर प्रदेश की प्रगति देखकर हर देशवासी खुश है, जबकि दुनिया अचंभित है क्योंकि वर्ष 2017 से पहले यहां निराशा, हताशा और अराजकता का माहौल था। हम वर्ष 2024 में प्रवेश कर चुके हैं। इन पौने सात वर्षों में प्रदेश छठी-सातवीं अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। वहीं प्रदेश सर्वाधिक ग्रोथ रेट और आर्थिक विकास दर के साथ देश में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह टीमवर्क का ही परिणाम है क्योंकि जब हम सामूहिक रूप से मिलकर कार्य करते हैं तो उसके परिणाम इसी रूप में हम सभी के सामने आते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित एमएसएमई के 51 हजार करोड़ मेगा ऋण वितरण समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने प्लेज योजना के तहत मथुरा, अमरोहा, सीतापुर और मेरठ के प्लेज पार्कों के निर्माण की पहली किस्त वितरित की। साथ ही सहारनपुर, मुरादाबाद और संभल में ओडीओपी के तीन



कॉमन फैसिलिटी सेंटर का लोकार्पण किया। इसके अलावा कौशाम्बी की सीएफसी टीम को स्वीकृति पत्र सौंपा। कार्यक्रम में सीएम योगी ने ओडीओपी और विश्वकर्मा श्रम सम्मान के एक दर्जन लाभार्थियों को चेक और टूल किट वितरित किया। वहीं मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को ई रिक्शा की चाबी सौंपी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीआईएस-23 में प्रदेश को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे एक करोड़ 10 लाख से अधिक नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। अब उन्हे रोजगार के लिए पलायन नहीं करना होगा। एमएसएमई ने उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दी है। सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट योजना ने परंपरागत उद्यमियों को नई दिशा दी है, जो पहले हताश और निराश होकर पलायन करने को मजबूर हुआ करते थे क्योंकि उनकी पहले कोई सुनवाई नहीं होती थी। वहीं आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ने प्रदेश को पहचान देने के साथ सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम से जुड़े उद्यमियों को नई दिशा दी है। इससे उनके चेहरे पर मुस्कान आई है। उन्होंने प्रदेश को एक्सपोर्ट प्रदेश के रूप में डेवलप किया है, जिससे हमारा एक्सपोर्ट लगभग तीन गुना बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश केंद्र सरकार के वोकल फॉर लोकल अभियान पर मोहर लगाने वाला पहला राज्य है। सीएम योगी ने कहा कि हमें कॉफी टेबल बुक तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि हर जिले के उत्पादन का डाक टिकट भी जारी होना चाहिये। इसको लेकर प्रयास होने चाहिये क्योंकि यह हमें वैश्विक पहचान दिलाएगा। इतना ही नहीं हर जिले के उत्पाद की ग्रेडिंग भी होनी चाहिए ताकि अच्छे उत्पादन की जानकारी की जा सके। उसे पैकेजिंग और टेक्नोलॉजी से जोड़कर विश्व फलक पर पहचान दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश ही ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और प्लेज पार्क योजना देने वाला पहला राज्य है। इससे प्रदेश में एमएसएमई यूनिट में काफी बढ़ोत्तरी हुई है और आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं। उन्होंने बैंकर्स से कहा कि छोटी पूंजी वालों को भरपूर लोन दें क्योंकि छोटी पूंजी डूबती नहीं है। इससे जहां उनका बिजनेस बढ़ेगा, वहीं छोटी पूंजी वालों में बैंकर्स के प्रति विश्वास बढ़ेगा। इससे प्रदेश खुशहाली की ओर जाएगा।

### जंतर-मंतर पर कुश्ती को लेकर फिर से प्रदर्शन शुरू, निशाने पर बजरंग पूनिया, साक्षी और विनेश फोगाट

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। उसके बाद चुनाव हुए तो खिलाड़ियों ने नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। साक्षी मलिक ने संन्यास का एलान कर दिया और बजरंग पूनिया-विनेश फोगाट ने अपने पुरस्कार वापस कर दिए। खेल मंत्रालय ने फिर कुश्ती संघ को ही निलंबित कर दिया। अब बुधवार (तीन जनवरी) को एक बार फिर पहलवान जंतर-मंतर पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस बार यह विरोध कुश्ती संघ या उसके अधिकारियों के खिलाफ नहीं बल्कि बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट के खिलाफ है। भारतीय कुश्ती में चल रहे संकट ने बुधवार को एक नया मोड़ ले लिया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर के एक महत्वपूर्ण वर्ष के नुकसान के विरोध में जंतर-मंतर पर एकत्र हो गए। इस स्थिति के लिए उन्होंने शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश को दोषी ठहराया। बसों में भरकर, जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

## 'बॉर्डर से समुद्र के छोर तक हर नागरिक का जीवन बनाया आसान', लक्षद्वीप को बड़ी सौगात देकर बोले पीएम मोदी

लक्षद्वीप। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लक्षद्वीप दौरे पर करोड़ों की सौगात दी। पीएम मोदी ने कवरत्ती में 1,156 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, 'आजादी के बाद दशकों तक केंद्र में जो सरकारें रहीं उनकी प्राथमिकता सिर्फ अपने राजनीतिक दल का विकास था। जो दूर-सुदूर के राज्य हैं, जो बॉर्डर पर हैं या जो समुद्र के बीच में हैं, उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया जाता था।' प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि बीते 10 सालों में हमारी सरकार ने जो बॉर्डर के इलाके हैं, जो समुद्र के छोर के इलाके हैं, हमने उन्हें अपनी प्राथमिकता बनाया है। भारत के हर क्षेत्र और हर नागरिक का जीवन आसान बनाना और उसे सुविधा से जोड़ना ही केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। आज यहां लगभग 1200 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। ये इंटरनेट, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और बच्चों से जुड़ी परियोजनाएं हैं। इन सभी स्वास्थ्य परियोजनाओं के लिए आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने हज यात्रियों की सहूलियत के



लिए जो प्रयास किया है, उसका भी लाभ लक्षद्वीप के लोगों को मिला है। हज यात्रियों के लिए वीजा नियमों को आसान बनाया गया है। हज से जुड़ी ज्यादातर कार्रवाई अब डिजिटल होती है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की भी छूट दी है। इन्हीं सब प्रयासों की वजह से उमराह के लिए जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। पीएम ने कहा कि आजादी के अमृत काल में विकसित भारत के निर्माण में लक्षद्वीप ने भी बड़ी भूमिका निभाई। भारत सरकार लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से लाने का प्रयास कर रही है। हाल ही में यहां आयोजित जी20 बैठक के कारण लक्षद्वीप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। लक्षद्वीप में दो ब्लू फ्लैग समुद्र तट भी हैं।

### दिल्ली के लिए उड़ी इंडिगो फ्लाइट में खराबी, पटना में तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग, 187 यात्री थे सवार

पटना। कोहरे के कारण विलंब से परेशान विमान परिचालन की खबरों के बीच बुधवार को पटना में जमीन से आसमान तक कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। पटना से दिल्ली के लिए 12:58 पर उड़ान भर चुकी इंडिगो फ्लाइट 2074 में खराबी की जानकारी सुनकर विमान में सवार यात्री असहज महसूस करने लगे, जबकि पटना एयरपोर्ट को एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के जरिए आयी इस सूचना के बाद सबकुछ संभालने के लिए तत्काल तैयार होना पड़ा। उड़ान भरने के कुछ ही देर के अंदर पटना में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, हालांकि सुरक्षित लैंडिंग से यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## 18 साल से कम उम्र वालों के दो-चार पहिया वाहन चलाने पर प्रतिबंध, 3 साल की होगी सजा

लखनऊ। प्रदेश में 18 साल से कम आयु के कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थल में दो-चार पहिया वाहन नहीं चलाएगा। शासन की ओर से इसे लेकर जारी निर्देश के बाद परिवहन विभाग के सहयोग से माध्यमिक विद्यालयों में सख्ती की जाएगी। इसके लिए अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। साथ ही छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न माध्यमों से जानकारी भी दी जाएगी। इसके तहत हर विद्यालय में एक रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जाएगा। सभी कक्षाओं में एक-एक विद्यार्थी को रोड सेफ्टी कैप्टन बनाया जाएगा। विद्यालय में एक क्लास सड़क सुरक्षा की जानकारी पर भी लगेगी। हर विद्यालय में एक शिक्षक को नोडल बनाकर परिवहन विभाग के सहयोग से ऑनलाइव व ऑफलाइन प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वहीं 18 साल से कम आयु के बच्चे कोई भी मोटर वाहन न चलाएं, इसके लिए जागरूकता के साथ सख्ती भी की जाएगी। हाल में परिवहन आयुक्त



चंद्र भूषण सिंह की ओर से इसे लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें कम उम्र में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही माध्यमिक शिक्षा निदेशक से इसके लिए विद्यालयों में अभियान चलाने को कहा गया है। इसी क्रम में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने सभी डीआईओएस को इसके लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों को भी रोड सेफ्टी नोडल शिक्षक नामित किया जाए। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दें और उन्हें इसकी शपथ भी दिलाई जाए। विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के नियमों से संबंधित वॉल पेंटिंग कराई जाए। विद्यार्थियों के वाट्सअप ग्रुप बनाकर इससे संबंधित जानकारी व सुझाव साझा किए जाएं।

निदेशक ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म का भी इसके लिए प्रयोग किया जाए। छात्रों को बताया जाए कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया है कि विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्ल्ब के गठन के लिए प्रति विद्यालय पांच हजार कुल 44.95 लाख रुपये के बजट की और विद्यालय की दीवारों पर यातायात नियमों व स्लोगन लिखवाने के लिए भी प्रति विद्यालय 500 रुपये के बजट की व्रूवस्था के लिए परिवहन आयुक्त को पत्र भेजा गया है। निदेशक ने कहा है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों से समन्वयक कर इस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

### सर्दियों में बारिश से भीगा प्रदेश, कोहरे और गलन बढ़ने को लेकर मौसम विभाग ने किया अलर्ट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी समेत प्रदेश के कई इलाकों में बरसात शुरू हो चुकी है। पहले ही ठंडी हवा और कोहरे के बीच बढ़ती गलन से लोग परेशान थे, अब बारिश देख लोग ठंड बढ़ने का अंदेशा जता रहे। मौसम विभाग का कहना है कि बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में बरसात के आसार तो दिखाई दे रहे थे, पर अचानक से विकसित हुए सिस्टम ने लखनऊ समेत आसपास बरसात करा दी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग आगामी सात जनवरी तक कहीं-कहीं बूंदाबांदी व हल्की बारिश के आसार जता रहा है।



**कोहरे का अलर्ट इन जिलों में**- वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर में घना कोहरा होने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**कोल्ड डे के आसार इन इलाकों में**- गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुर्खाबाद, कानपुर देहात, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, झांसी व आसपास।

## 'खाता न बही, जो केजरीवाल कहें वो ही सही', सीएम के ईडी के सामने पेश नहीं होने पर भाजपा का हमला

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए फिर बुलाया था। लेकिन अरविंद केजरीवाल इस बार भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। जिसके बाद भाजपा ने एक बार उनपर निशाना साधा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा ईडी के समक्ष पेश न होने पर भाजपा नेता गौरव भाटिया ने कहा, "पहली बार जब अरविंद केजरीवाल घबराए तो उन्होंने चुनाव का बहाना दिया। उन्होंने(अरविंद केजरीवाल) दूसरी बार कहा कि मैं विपासना योग के लिए जा रहा हूं। आज ये उम्मीद की जा रही थी कि यदि अरविंद केजरीवाल में थोड़ी भी मयार्दा बची है तो वे जाएंगे और सवालों के जवाब देंगे। दूध का दूध और शराब का शराब हो जाने दीजिए।" गौरव भाटिया ने कहा, "जो अरविंद केजरीवाल भारत की




राजनीति में ये कहकर आए थे कि किसी पर आरोप लगे तो इस्तीफा दे दो। आपको तो ईडी के पास खुद जाकर खाता-बही दिखाकर साबित करना चाहिए कि आपने कोई भ्रष्टाचार या पाप नहीं किया। अरविंद केजरीवाल को लगता है कि खाता न बही, जो अरविंद केजरीवाल कहें वो ही सही। वे एक चिट्ठी लिखते हैं और ईडी को कहते हैं कि अपना समन वापस लो। भ्रष्टाचारी, पापी अरविंद केजरीवाल ईडी को कहते हैं कि अपना समन वापस लो।" प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जिस तरह अरविंद केजरीवाल ईडी समन से बच रहे हैं वह साफ दशार्ता है कि उन्हें देश की प्रशासनिक एवं न्याय व्यवस्था पर विश्वास नहीं है और उसके बाद एक सवाल खड़ा होता है क्या अब उन्हे मुख्यमंत्री बने रहने का नैतिक आधार बचा है? केजरीवाल की तरह मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, नायर आदि भी ईडी नोटिस को गलत बताते थे, फिर पेश हुऐ और आज अनेक प्रयासों के बाद भी किसी न्यायलय से जमानत पाना तो दूर हर न्यायलय से फटकार पा रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की अदालतों को नसीहत, कहा- मनमाने आदेश देकर सरकारी अधिकारियों को तलब करना संविधान के खिलाफ

नई दिल्ली। अदालत की सुनवाई के दौरान सरकारी अधिकारियों को तलब करने के मनमाने आदेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की हैं। बुधवार को मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत की कार्रवाई के दौरान मनमाना आदेश देकर सरकारी अधिकारियों को तलब करना संविधान के खिलाफ हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई के दौरान अदालतों के लिए मानक संचालन क्रियाओं (एसओपी) पर जोर दिया। कोर्ट ने कहा कि अदालतों को सरकारी अधिकारियों को मनमाने ढंग से तलब करने की प्रवृत्ति से दूर रहना चाहिए। मामले की सुनवाई के दौरान फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालतों से सरकारी अधिकारियों का नजरिया अलग है, इसका ये मतलब नहीं कि अदालत उन्हें मनमाने ढंग से तलब करें। साथ ही कहा कि अदालतों को सुनवाई के दौरान अधिकारियों पर अपमानित टिप्पणियां करने से बचना चाहिए। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस



आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसके तहत उत्तर प्रदेश वित्त विभाग के दो सचिवों को हिरासत में लिया गया था। गौरतलब है कि पीठ ने पहले की सुनवाई में कहा था कि वह सरकारी अधिकारियों को तलब करने संबंधी अदालतों द्वारा अपनाए जाने वाले व्यापक दिशा-निर्देश को तय करेंगी।

## सुप्रीम कोर्ट का सेबी की जांच में दखल से इनकार, कहा- तीन महीने में जांच पूरी करे नियामक


नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों पर सेबी की जांच में दखल देने से इनकार किया है। तीन जजों की बेंच ने अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया है। अदालत ने सेबी को 22 मामलों की जांच सौंपी थी जिसमें दो की जांच बाकी है। न्यायालय ने सेबी को तीन महीने में लंबित जांच पूरी करने का निर्देश दिया है। अदाणी समूह को बड़ी राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह नियामकीय व्यवस्था के दायरे में नहीं आ सकता और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट या ऐसी कोई भी चीज अलग से जांच के आदेश का आधार नहीं बन सकती। अदालत ने कहा कि सेबी आगे बढ़ेगा और कानून के अनुसार अपनी जांच जारी रखेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह साबित करने का कोई आधार नहीं है कि सेबी ने कदम उठाने में ढिलाई बरती। इसके अलावा, अदालत ने कहा कि वर्तमान में मामले को सीबीआई को स्थानांतरित करने का कोई आधार नहीं है। फैसले में आगे कहा गया है कि सरकार और सेबी शॉर्ट-सेलिंग पर हिंडनबर्ग की ओर से लगाए गए कानून के उल्लंघन के आरोपों, यदि कोई हो, की जांच करेंगे और इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने केन्द्र सरकार और सेबी से नियामकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए



विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर विचार करने को कहा है। उच्चतम न्यायालय ने अदाणी-हिंडनबर्ग मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने से इंकार किया है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की तीन जजों की बेंच ने यह फैसला सुनाया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेबी को एफपीआई और एलओडीआर नियमनों पर उसके संशोधनों को रद्द करने का निर्देश देने के लिए कोई वैध आधार नहीं है। सेबी ने 22 में से 20 मामलों में जांच पूरी कर ली है। अदालत ने कहा, "सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, हम सेबी को अन्य दो मामलों में 3 महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश देते हैं।" इससे पहले हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट से अनुकूल फैसला आने की उम्मीद में अदाणी समूह के शेयरों में बुधवार को 10% तक की तेजी आई। 10 शेयरों के समूह में अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस सबसे अधिक 10% तक चढ़ गया, जबकि अदाणी टोटल गैस 8% और एनडीटीवी के शेयर 7% की बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी विल्मर, अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पावर के शेयर 5-6 की बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। अहमदाबाद स्थित समूह प्रमुख कंपनी अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में 3% की वृद्धि दर्ज की गई।

### राम राज्य आ रहा है... प्राण प्रतिष्ठा और 2024 के चुनाव शुभ होंगे, सत्येंद्र दास बोले- नया साल अहम

अयोध्या। राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, नया साल 2024 महत्वपूर्ण है। अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में राम लला का विराजमान होना और आम चुनाव दोनों शुभ होंगे। रामघाट में अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए मुख्य पुजारी ने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सिर्फ शांति नहीं, 'राम राज्य' आ रहा है। उन्होंने एक दोहा उद्धृत किया...'राम राज बैठे त्रिलोक, हर्षित भई, गए सब शोक'। दुख, दर्द, तनाव खत्म हो जाएगा और हर कोई खुश होगा। रामजन्मभूमि मंदिर स्थल पर आरती करने के लिए जाने से कुछ देर पहले उन्होंने कहा, नए साल पर सभी देशवासियों को मेरी बधाई और आशीर्वाद। उन्होंने कहा कि नए साल के दिन पूजा की गई। 'अक्षत' (हल्दी और घी के साथ मिश्रित चावल के दानों) का वितरण राम मंदिर में अभिषेक समारोह से एक सप्ताह पहले 15 जनवरी तक जारी रहेगा। दास ने कहा, 2024 में बहुत काम होना है। राम जन्मभूमि परिसर में सबके राम... की भी अवधारणा साकार होगी। परिसर में रामायण काल की मातृ शक्तियों के भी मंदिर बनाए जाएंगे। राम जन्मभूमि के भव्य गर्भगृह में विराजमान होने वाले बाल स्वरूप रामलला को माता शबरी व अहिल्या आशीर्वाद देती नजर आएंगी। राम को जन-जन का राम...



बनाने में इन मातृ शक्तियों की अहम भूमिका है। किसी ने राम को जीत का द्वार दिखाया, किसी का राम ने उद्धार किया। राम जन्मभूमि परिसर में माता भगवती, माता शबरी, अहिल्या व अन्नपूर्णा का भी मंदिर प्रस्तावित है। श्रीराम ने पाषाण रूपी अहिल्या का उद्धार किया था। माता सीता की खोज के दौरान भगवान माता शबरी से मिले तो शबरी ने ही उन्हें सुग्रीव से मिलने का सुझाव दिया, जिससे लंका विजय का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## संपादकीय

# हड़ताल के सवाल

हाल ही में आपराधिक मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत लाये गये बदलाव से क्षुब्ध ट्रक चालकों की हड़ताल से जनजीवन पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। खासकर हड़ताल के चलते पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल की आपूर्ति न हो पाने से कई-कई किलोमीटर लंबी कतारें देखी गई। अन्य स्थानों पर फल-सब्जी व दूध की आपूर्ति भी बाधित हुई। बहरहाल, लोग हैरत में थे कि देश में सामान्य स्थिति होने के बावजूद पेट्रोल पंपों पर ये मारामारी क्यों है। दरअसल, हाल में संसद से पारित भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन मामलों में चालकों को सख्त सजा के प्रावधान से ट्रक ड्राइवर ही नहीं बस व टैक्सी चालक भी खासे क्षुब्ध हैं। दरअसल, देश में हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और पांच लाख के आसपास घायल होते हैं। ज्यादातर घटनाओं में बड़े वाहन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, कानून में नये बदलावों में हिट एंड रन केस में पुलिस-प्रशासन को दुर्घटना की सूचना न देने पर दस साल की कैद और सात लाख रुपये जुमार्ने का प्रावधान है। अब तक हिट एवं रन मामले में ट्रक या डंपर से किसी व्यक्ति की मौत होने पर दो साल की सजा का प्रावधान था और चालकों को जमानत भी मिल जाती थी। निस्संदेह, सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति को किसी हादसे से सुरक्षा और उसे न्याय भी मिलना चाहिए। इसी मकसद से लाये गए कानून को लेकर चालक असुरक्षाबोध से घिर गये। हालांकि, कानून अभी लागू नहीं हुआ है लेकिन चालक भयभीत हैं। उन्हें लगता है कि सख्त प्रावधानों के लागू होने पर वे वाहन नहीं चला पाएंगे। जिसके चलते विभिन्न संगठनों ने देश की अर्थव्यवस्था को ठप करने के लिये दबाव बनाया। जिसका असर पंजाब,हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र आदि पर साफ नजर आया। दरअसल, गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले ट्रक- बस चालकों को लगता है कि सजा ज्यादा कड़ी है और किसी हादसे की स्थिति में वे इतना जुमार्ना देने की स्थिति में नहीं होंगे। ट्रांसपोर्टरों के बड़े संगठन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दावा किया कि 65 फीसदी भारी वाहन हड़ताल में शामिल रहे। जिसके चलते सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है। आशंका जतायी जाती रही है कि यदि हड़ताल का समय बढ़ता है तो कई भागों में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में बाधा के साथ ही दूध,फल-सब्जी आदि के दाम बढ़ सकते हैं। यही वजह है कि देश के तमाम पेट्रोल पंपों पर अफरातफरी का माहौल रहा। साथ ही कई जगह टैक्सी चालकों के हड़ताल में शामिल होने से यात्री परेशान रहे। जिससे पीक सीजन में पर्यटन स्थलों में कारोबार प्रभावित हुआ है। निस्संदेह, राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसी नजरिये से कानूनों में बदलाव किया गया, लेकिन ट्रक चालकों की वास्तविक समस्या को भी संवेदनशील ढंग से संबोधित किये जाने की जरूरत थी। ट्रक चालकों का कहना है कि आठ-दस हजार की नौकरी में वे इतना बड़ा जुमार्ना कैसे भरेंगे। यदि उनकी सात-आठ लाख देने की कूवत होती तो वे ट्रक क्यों चलाते। ऐसे में यदि वे दस साल के लिये जेल जाएंगे, तो उनके परिजनों का क्या होगा? चालक आशंका जताते हैं कि यदि वे दुर्घटना होने पर सूचना देने के लिये रुक जाते हैं तो उन्हें भीड़ की हिंसा का शिकार होना पड़ेगा। उनकी दलील है कि अकसर भीड़ घायल को बचाने की बजाय चालक को मारने पर उतारू हो जाती है और कई बार उनके वाहनों को आग लगा दी जाती है। ट्रांसपोर्टर दलील देते हैं कि दुर्घटना होने पर कैमरों व टोल-नाकों की मदद ली जानी चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे प्रयास हों कि यात्री भी सुरक्षित रहें और चालक भी आतंकित न हों। बहरहाल, ट्रक चालकों का जीवन स्तर सुधारने, उन्हें पुलिस की वसूली से बचाने और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने की जरूरत है ताकि वे भी समाज में सम्मानजनक ढंग से जी सकें। वैसे देर रात ट्रांसपोर्ट डीलर एसोसिएशन का कहना था कि सरकार द्वारा नये कानून को अभी लागू न करने के आश्वासन देने पर सकारात्मक प्रतिसाद दिया जायेगा।

## परंपरा पुरानी है !



लेकर टिकट वितरण को ।
है मचा बवाल ।।
दिया कैसे उनको ।
बड़ा है सवाल ।।
परंपरा पुरानी है ।
है होता हर हाल ।।
पाने खातिर टिकट ।
जाते बुनते जाल ।।
उसी को निभाना है ।
लो बातें ये जान ।।
केवल नहीं एक ।
और भी महान ।।
हो जाएंगे बागी ।
रखा नहीं यदि ख्याल ।।
हमको भी है आती ।
चलनी नई चाल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# अपनी किस्मत पलटने के लिए प्रयासरत कांग्रेस के लिए साल 2024 'आर या पार' की तरह है

**संजीव चोपड़ा**

हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में मिली असफलताओं के बाद कांग्रेस 18वीं लोकसभा के लिए 2024 में होने वाले चुनाव में आर या पार के लिए तैयार है। जहां नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी हासिल करके पंडित जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी करने की उम्मीद कर रहे हैं, वहीं कई लोग वर्ष 2024 को कांग्रेस के लिए उसकी 138 साल की यात्रा में सबसे कठिन अवधि में से एक के रूप में भी देख रहे हैं। वर्ष 1984 में रिकॉर्ड 414 लोकसभा सीट जीतकर कांग्रेस के अपने चुनावी शिखर को छूने के चार दशक भी पूरे हो जाएंगे। संसद के निचले सदन में कांग्रेस के केवल 48 सदस्य ही हैं और इस प्रकार पार्टी को पिछले 10 वर्षों में लगातार गिरावट देखने को मिली है।

कांग्रेस अपनी सीट की संख्या में आ रही लगातार गिरावट को 2024 में रोकने की उम्मीद कर रही है, लेकिन इसके लिए उसे विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा और इनमें सबसे महत्वपूर्ण है भाजपा-विरोधी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) के घटक दलों के साथ सीट-बंटवारा समझौते को अंतिम रूप देना। इस गठबंधन का अभी तक कोई चुनावी प्रभाव तो नहीं दिख सका है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी-भाषी राज्यों में भाजपा के हाथों सत्ता गंवाने और मध्य प्रदेश में सत्ता में वापसी में विफल रहने वाली कांग्रेस जब सीट बंटवारे को लेकर बातचीत करेगी तो उसकी स्थिति कमजोर नजर आएगी।

हार के कारण कांग्रेस का आकलन पूरी तरह से बिगड़ चुका है, क्योंकि वह 2022 में हिमाचल प्रदेश और 2023 में कर्नाटक



विधानसभा चुनावों में जीत से प्राप्त गति बनाए रखने की उम्मीद कर रही थी। वर्ष 2024 के आम चुनावों से ठीक पहले इस हार के पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए भी निराशाजनक साबित होने की संभावना है, क्योंकि हिंदीभाषी राज्य चुनाव परिणाम निर्धारित करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने हिंदी पट्टी में 141 सीट पर जीत हासिल की थी, जो इस क्षेत्र की कुल सीट का 71 फीसदी था। एक चुनाव विश्लेषक का मानना है कि 2024 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह दो आम चुनाव बुरी तरह हार चुकी है। विश्लेषक ने कहा, 'अब पार्टी के लिए यह 'आर या पार' वाली स्थिति है।

कांग्रेस अब केवल तीन राज्यों- हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना- में अपने दम पर सत्ता में है, जबकि हिमाचल प्रदेश एकमात्र उत्तर भारतीय राज्य है, जहां अब इस पार्टी का शासन है। हिमाचल प्रदेश में केवल चार लोकसभा सीट है। हालांकि, दक्षिणी राज्यों में पार्टी मजबूत होती दिख रही है। हिंदी पट्टी से लगभग सफाया होने के बाद, कांग्रेस को मतदाताओं को अपने पक्ष में लुभाने के लिए नयी योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता होगी। भाजपा ने कांग्रेस की मुफ्त योजनाओं और जातिगत गणना के मुद्दे की काट के तौर पर क्रमशः मोदी की गारंटी और प्रधानमंत्री की चार जातियों- महिलाओं, युवाओं, गरीबों और किसानों को खड़ा किया है।

जातिगत गणना, मुफ्त की रेवड़ियां और अडाणी-विरोधी अभियान सहित कांग्रेस के विभिन्न अपीलों का जनता पर कोई व्यापक असर नहीं हुआ है और फलस्वरूप पार्टी लोगों के साथ फिर से जुड़ने की उम्मीद में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे संस्करण की घोषणा कर चुकी है। मणिपुर से महाराष्ट्र तक हाइब्रिड (बस और पैदल) भारत न्याय यात्रा 14 जनवरी को शुरू होगी और 14 राज्यों से होकर गुजरेगी। इसे इंफाल से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हरी झंडी दिखाएंगे और यह नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से गुजरकर 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

इस यात्रा को आगामी अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चुनावों की घोषणा यात्रा के अंतिम चरण के वक्त हो सकती है। कांग्रेस ने चुनाव की अपनी तैयारी दशार्ते हुए स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में हैं तैयार हम रैली आयोजित की थी। पार्टी पिछले कई दिनों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर राज्य के नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रही है और अपनी तरफ से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। कांग्रेस जहां अपनी किस्मत पलटने को लेकर उत्साहित है, वहीं आने वाली चुनौतियों के प्रति पूरी तरह सचेत भी है। इंडिया गठबंधन के भीतर सफल सीट-बंटवारे को लेकर बातचीत में पहली बाधा पार्टी के भीतर से आई है, क्योंकि इसकी पंजाब और दिल्ली इकाइयों ने आम आदमी पार्टी के साथ किसी भी समझौते के खिलाफ खुले तौर पर चेतावनी दी है। यह देखना अभी बाकी है कि नेतृत्वहीन इंडिया गठबंधन के लिए कांग्रेस का नुस्खा मोदी की राजनीतिक विवेक के समक्ष टिक पाएगा या नहीं। इस बीच, कांग्रेस को उम्मीद है कि वह 2024 के चुनावों के लिए वैकल्पिक सकारात्मक एजेंडे पर काम करेगी और भाजपा के खिलाफ धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट करेगी। नये साल में प्रवेश करते ही पार्टी का मार्गदर्शक सिद्धांत उसके रायपुर प्रस्ताव में निहित है, जिसमें लिखा है, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी ताकतों की एकता कांग्रेस पार्टी के भविष्य की पहचान होगी।

# उम्मीदवारों की ऐसी फौज उतारेगी भाजपा जिसके आगे विपक्ष को पहले दिन से हार का भय सतायेगा

**नीरज कुमार दुबे**

केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के मिशन को कामयाब करने के लिए भाजपा जीतोड़ प्रयास कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को अंतिम रूप देने के अलावा पार्टी के तमाम नेताओं की भूमिका भी तय की जा चुकी है। जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों के चयन की बात है तो यह काम भाजपा बहुत पहले ही शुरू कर चुकी थी और अब यह कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची जल्द जारी होने की अटकलों के बीच चचाएं यह भी हैं कि इस बार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अमित शाह ने भी 2019 में भाजपा अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपना पहला लोकसभा चुनाव गुजरात के गांधीनगर से लड़ा था।

भाजपा ने लोकसभा चुनावों में प्रत्येक सीट पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मत हासिल करने के लिए अपने संगठन के तंत्र को दुरुस्त करने के बाद उम्मीदवारों के तौर पर ऐसी फौज उतारने का निर्णय लिया है जिसके आगे नामांकन भरते हुए विपक्ष के नेताओं को हार का भय पहले दिन से सताने लगे। इसके लिए भाजपा उम्मीदवारों के चयन के लिए कड़े और बड़े पैमाने तय करके आगे बढ़ रही है। हाल ही में भाजपा की ओर से अपने सांसदों के बारे में जनता की राय जानने के लिए नमो एप पर एक सर्वे भी शुरू किया गया था जिस पर लोगों ने जो फीडबैक दिया उसको पार्टी ने काफी गंभीरता के साथ लिया है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि हाल में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को मिला था कि पार्टी ने कई सांसदों को विधायकी का चुनाव लड़ाया और यह फॉमूर्ला काफी सफल साबित हुआ था। यही नहीं, भाजपा हाल में कई चुनावों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को बदल कर नये चेहरों को मौका देने का सफल प्रयोग भी कर चुकी है इसीलिए माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन में भी भाजपा हाल के अनुभवों को देखते हुए निर्णय लेगी।

उल्लेखनीय है कि भाजपा आलाकमान ने साल 2023 के अंत में राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में अपने चुनावी अभियान को अंतिम रूप दे दिया था और अब नये साल पर पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की एक बैठक में उम्मीदवार चयन से जुड़े मुद्दों पर गौर किया गया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में एक कमेटी का भी गठन किया गया जोकि असंतुष्ट नेताओं से संपर्क कर उन्हें मनाने का काम करेगी साथ ही कमेटी यह भी देखेगी कि चुनावों के दौरान दूसरे दलों से आने वाले किन लोगों को भाजपा में शामिल कराना है और किन्हें नहीं। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य दलों के कई कद्दावर नेता और समाज के विभिन्न क्षेत्रों की मशहूर हस्तियां भाजपा में शामिल होने वाली हैं।

जहां तक लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के उम्मीदवारों की बात है तो बताया जा रहा है कि पहली सूची जल्द ही जारी हो सकती है। पहले माना जा रहा था कि यह सूची मकर संक्रांति के बाद आयेगी क्योंकि अभी खरवास चल रहा है जिसमें शुभ काम नहीं किये जाते लेकिन अब माना जा रहा है कि यह सूची पहले भी आ सकती है। दरअसल भाजपा ने पिछले साल पहली बार पितृपक्ष के दौरान ही मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों की एक सूची जारी कर दी थी जिसको लेकर सवाल उठे थे कि शुभ मुहूर्त और शुभ-अशुभ का खास ध्यान रखने वाली भाजपा ने आखिर पितृपक्ष में कैसे अपनी सूची जारी कर दी? लेकिन समय से पहले उम्मीदवारों की घोषणा करना पार्टी के पक्ष में गया इसीलिए माना जा रहा है कि जिन सीटों पर भाजपा को पिछले चुनावों में जीत नहीं मिली थी या जहां भाजपा का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा था वहां के उम्मीदवारों की सूची शीघ्र ही सामने आ सकती है ताकि उम्मीदवारों को प्रचार के लिए अच्छा खासा समय मिल सके। साथ ही एक ओर जहां अन्य दल अभी सीटों के बंटवारे पर चर्चा ही नहीं शुरू कर पाये हैं वहीं भाजपा अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करके विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर लेना चाहती है।

बताया जा रहा है कि भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में अपने राज्यसभा सांसदों को भी लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है ताकि संसद के ऊपरी सदन में लंबे समय से जमे चेहरों की जगह नये चेहरों को मौका दिया जा सके। इसके लिए तय किया गया है कि भाजपा शासित राज्यों के चुनिंदा राज्यसभा सांसदों को लोकसभा चुनाव लड़ाया जायेगा। भाजपा शासित राज्यों का चयन इसलिए किया गया है ताकि सीट छोड़ने वाले व्यक्ति की जगह आसानी से पार्टी का दूसरा उम्मीदवार राज्यसभा पहुँच सके। इसके अलावा उन राज्यसभा सांसदों को भी चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा है जिनका कार्यकाल हाल ही में खत्म हुआ या जल्द ही खत्म होने वाला है। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ राज्यसभा सांसदों ने खुद भी पार्टी से आग्रह किया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया जाये।

भाजपा के राज्यसभा सांसदों में महाराष्ट्र से प्रकाश जावड़ेकर, पीयूष गोयल और नारायण राणे, ओडिशा से धर्मेंद प्रधान, गुजरात से मनसुख मांडविया, हिमाचल प्रदेश से भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, उत्तर प्रदेश से दर्शन सिंह, अनिल जैन, डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, डॉ. दिनेश शर्मा, कांता कर्दम, नीरज शेखर और सुरेंद्र सिंह नागर, छत्तीसगढ़ से सरोज पांडेय, केरल से वी. मुरलीधरन, बिहार से राकेश सिन्हा और सुशील कुमार मोदी, जम्मू-कश्मीर से गुलाम अली, राजस्थान से अश्विनी वैष्णव, असम से भुवनेश्वर कालिता, सबार्नंद सोनोवाल, मध्य प्रदेश से ज्योतिदारित्य सिंधिया और सुमेर सिहं सोलंकी और त्रिपुरा से बिप्लब कुमार देब का नाम लोकसभा चुनावों के संभावित उम्मीदवारों की सूची में बताया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी और पूर्व सांसद सैयद जफर इस्लाम का नाम भी लोकसभा के संभावित उम्मीदवारों में बताया जा रहा है।

# वर्ष 2023 में भारत में निवेशक हुए मालामाल भारतीय अर्थव्यवस्था में जारी है उछाल

**प्रह्लाद सबनानी**

भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार द्वारा वर्ष 2023 में 20 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर अर्जित की गई है। वर्ष 2023 में सेन्सेक्स 11,399 अंकों (18.73 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 72,082 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है तो वहीं निफ्टी 3,626 अंको (20 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 21,731 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। भारत के शेयर बाजार में उक्त वर्णित तेजी के चलते वर्ष 2023 में भारत के शेयर बाजार में निवेशकों के शेयरों में निवेश का बाजार मूल्य 81.90 लाख करोड़ रुपए से बढ़ गया है, जबकि वर्ष 2022 में यह 16.38 लाख करोड़ रुपए से बढ़ा था। यह भारत की लगातार उच्च स्तर की आर्थिक प्रगति एवं देश में राजनैतिक वातावरण के स्थिर बने रहने के कारण सम्भव हो सका है। हाल ही में तीन राज्यों में सम्पन्न हुए चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के कारण भी शेयर बाजार में उच्छाल देखा गया था। वर्ष 2023 में बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर लिस्टेड कम्पनियों के शेयरों का बाजार पूंजीकरण 81.90 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 364.28 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पर कर गया है। वर्ष 2023 में भारतीय शेयर बाजार में दर्ज की गई उक्त वृद्धि दर विश्व के समस्त इमर्जिंग बाजारों के बीच सबसे अधिक है। 29 नवम्बर 2023 को तो बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर पंजीकृत समस्त कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण का स्तर 4 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया था जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार से भी अधिक है। भारत के संदर्भ में यह भी अपने आप में एक रिकार्ड है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अभी 3.75 लाख करोड़ रुपए का ही है। 24 मार्च 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज पर पंजीकृत समस्त कम्पनियों का बाजार पूंजीकरण 3 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंचा था, इस प्रकार केवल 2 वर्ष 8 माह के खंडकाल में ही उक्त कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण एक लाख करोड़ रुपए की राशि से बढ़ गया है। वर्ष 2023 में भारत के बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज के समाल केप (छोटे आकर की कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण) इंडेक्स में तो 47.52 प्रतिशत की बृद्धि दर आंकी गई है। वहीं, मिड केप (मध्यम आकार की कम्पनियों द्वारा जारी शेयरों का बाजार पूंजीकरण) इंडेक्स द्वारा 45.52 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित कर की गई है। 30 शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्स्चेंज इंडेक्स ने केवल नवम्बर 2023 माह में ही 4.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दिसम्बर 2023 माह तो 7.83 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ा है। इस प्रकार नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 माह भारत में निवेशकों के लिए बहुत फलदायी सिद्ध हुए हैं। यह सब भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2023-24 की दो तिमाहीयों, अप्रेल-जून 2023 में 7.8 प्रतिशत की एवं जुलाई-सितम्बर 2023 में 7.6 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल करने एवं कम्पनियों की लाभप्रदता में हुई अतुलनीय वृद्धि दर के चलते सम्भव हो पाया है। साथ ही, भारत में वृहद्द (मैक्रो) स्तर पर अर्थव्यवस्था में मजबूत संकेत बने हुए है तथा अब मुद्रा स्फीति पर भी नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भी कुछ नरमी आई है। इससे भारतीय रुपए के मूल्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में भी स्थिरता दिखाई दी है।

आज भारत के शेयर बाजार में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों का बाजार पूंजीकरण 17.48 लाख करोड़ के स्तर को पार कर गया है, जो भारत में प्रथम स्थान पर है। द्वितीय स्थान पर टाटा कन्सल्टैंसी सर्विसेज है, जिसका शेयर बाजार पूंजीकरण 13.88 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है, तृतीय स्थान पर 12.98 लाख करोड़ रुपए के शेयर बाजार पूंजीकरण के साथ एचडीएफसी बैंक है। चतुर्थ स्थान पर 6.99 लाख करोड़ रुपए के शेयर बाजार पूंजीकरण के साथ आईसीआईसीआई बैंक है। इनफोसिस कम्पनी का पांचवा स्थान है, जिसका शेयर बाजार पूंजीकरण 6.40 लाख करोड़ रुपए का है।

विदेशी पॉट्फोलियो निवेशकों ने भी भारत के शेयर बाजार में वर्ष 2023 में 1.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का निवेश किया है। यह विदेशी निवेशकों के भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार बढ़ रहे विश्वास को दर्शा रहा है। केवल दिसम्बर 2023 माह में ही 66,134 करोड़ रुपए का निवेश विदेशी पॉट्फोलियो निवेशकों द्वारा भारत के शेयर बाजार में किया गया है।

वर्ष 2024 में अमेरिकी बाजार में अब ब्याज दरों में कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है इसके चलते वर्ष 2024 में भी भारत के शेयर बाजार में अमेरिकी पॉट्फोलियो निवेशकों द्वारा और अधिक मात्रा में निवेश किया जा सकता है। वर्ष 2022 में विदेशी पॉट्फोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.21 लाख करोड़ रुपए निकाले थे क्योंकि विकसित देशों ने मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में बेतहाशा वृद्धि की थी। जबकि वर्ष 2021 में 25,752 करोड़ रुपए का, वर्ष 2020 में 1.7 लाख करोड़ रुपए का एवं वर्ष 2019 में 1.01 लाख करोड़ रुपए का निवेश भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पॉट्फोलियो निवेशकों द्वारा किया गया था।

वर्ष 2024 में विभिन्न देशों में मुद्रा स्फीति के नियंत्रण में रहने की सम्भावनाओं के बीच केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कमी किए जाने के संकेत मिलने लगे हैं, अमेरिका में तो बांड यील्ड 5 प्रतिशत से अधिक रहते हुए अब 4 प्रतिशत के भी नीचे आ गई है अतः विदेशी निवेशक अब भारत जैसी तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था में अपना निवेश निश्चित रूप से बढ़ाएंगे। इस प्रकार, भारत के शेयर बाजार में तेजी की सम्भावनाएं वर्ष 2024 में लिए भी बनी हुई हैं।

भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या तो बढ़ी ही है साथ ही इन निवेशकों का शेयर बाजार पर विश्वास भी बढ़ा है और अब खुदरा निवेशक भी निवेश के सम्बंध में सही समय पर सही निर्णय लेकर अपने निवेश का बाजार मूल्य बढ़ाने में सफलता हासिल करने लगे हैं। भारत में 8 करोड़ से अधिक खुदरा निवेशकों के 13 करोड़ से अधिक डीमैट खाते खोले जा चुके हैं। डीमैट खाता उस खाते को कहते हैं जिसके माध्यम से शेयर बाजार में शायर खरीदे एवं बेचे जाते हैं। वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी लगभग 10 प्रतिशत कम हुई हैं, इसका भी विशेष रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर अच्छा प्रभाव रहा है और अन्य देशों में भी इससे मुद्रा स्फीति की दर में कमी आ सकी है तथा कम्पनियों की लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भी एक सुखद खबर है कि रूस यूक्रेन युद्ध, हम्मास इजराईल युद्ध एवं पश्चिमी एशियाई देशों के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव का असर भारतीय पूंजी बाजार पर नहीं के बराबर पड़ा है। विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में किए जा रहे भारी निवेश एवं भारत में लगातार बढ़ रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार भी 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गए हैं। यह भारत के लिए बहुत सुखद स्थिति है।

# झुलसे प्रेमी की मौतः मां का आरोप शादी की बात करने के बहाने बुलाया था घर

## प्रेमिका सहित 6 नामजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**राहुल चौबे**

प्रखर दानगंज वाराणसी । बेनीपुर कला गांव (चोलापुर) में प्रेमिका के घर कथित रुप से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है. मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मृतक की मां की तहरीर पर प्रेमिका सहित छह नामजद और अज्ञात के खिलाफ चोलापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. उधर, परिजनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है. जौनपुर के कोपा पतरही (चंदवक) निवासी शुभम सेठ मौधा गाजीपुर में सोनारी की दुकान चलाता था. शुभम की मां किरन देवी ने बताया कि शुभम का काफी लंबे समय से बेनीपुर कला गांव (चोलापुर) की एक युवती से प्रेम- प्रसंग चल रहा था. मां ने आरोप लगाया कि प्रेमिका अक्सर उनके पुत्र से पैसा-रुपया व ज्वेलरी लेती रहती है. आरोप



मृतक की फाइल फोटो

लगाया कि प्रेमिका ने खुद नए वर्ष के दिन मेरे पुत्र को फोन करके बुलाया और कहा कि मेरे परिवार वाले शादी की बात करने के लिये बुलाये है. जिसके बाद शुभम ने अपनी मां को बताया कि प्रेमिका के पिता ने आज घर पर बुलाया है. नए वर्ष की शाम मां किरन देवी को



जानकारी हुई कि उनके पुत्र को जलाकर मारने का प्रयास किया गया है. तहरीर के आधार पर चोलापुर पुलिस ने हत्या आईपीसी 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है. खुद लेकर घुसा था चाकू और ज्वलनशील पदार्थ उधर, युवती के पिता का कहना है कि नए साल पर शुभम घर में एक चाकू लेकर घुसा था, उसके हाथ में ज्वलनशील पदार्थ भी था. घर में घुसते ही उसने खुद को आग लगा दी. पूरे प्रकरण में पुलिस का कहना है कि निष्पक्ष जांचकर कार्रवाई होगी. प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# भाकपा माले ने एक दिवसीय धरना एवं सभा कर एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील मुख्यालय पर भाकपा माले, अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के तत्वावधान में एक दिवसीय धरना एवं सभा के माध्यम से उपजिलाधिकारी के नाम मांग दिया गया। धरना सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि इस कड़ाके की ठंढ में किसान खेतों में अपने उपज को लेकर परेशान हैं कि कैसे अनाज बिकेगा और खेतों में अगली फसल के लिए बुवाई कैसे होगी, लेकिन देश प्रदेश की सरकारें मंदिर उद्घाटन समारोह में व्यस्त है। भाजपा सरकार में अधिकारी कर्मचारी गांव के दबंग अपराधियों के प्रभाव में काम कर रहे है। गांव के गरीब इंसाफ पसंद लोग परेशान हैं, उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सैदपुर तहसील के ग्राम हथौड़ा में दबंगों ने आजाद यादव के घर आने जाने के रास्ते को घेर लिए है जिसको खाली करने में तहसील प्रशासन आना कानी कर रहा है। ग्राम रजहटी में खलिहान की भूमि को दबंगों ने जबरिया कब्जा कर के गरीबों के घरों का रास्ता को कब्जा कर लिए जिससे गरीबों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभा में प्रमुख रूप से भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा, नन्द किशोर बिन्द, सरोज यादव, किशन मौर्य, जयहिंद मौर्य, घुरभारी मास्टर, रामकरन राम, जोखू प्रसाद, बृजलोकी तलवार, शिवकुमार कुशवाहा आदि लोगों ने सम्बोधित किया। अध्यक्षता व संचालन आजाद यादव ने किया।



# भारतीय महिलाओं की प्रेरणा स्रोत थीं सावित्रीबाई फुले

प्रखर पूर्वांचाल वाराणसी। शिक्षा शास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा आयोजित महिला शिक्षा के संबंध में सावित्रीबाई फुले के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर बोलते हुए विभागाध्यक्ष,शिक्षा शास्त्र विभाग प्रोफेसर सुरेंद्र राम ने कहा कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका के रूप में विख्यात माता सावित्री बाई फुले ने आजीवन महिलाओं के सम्मान,अधिकार एवं शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने हेतु संघर्ष किया मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा संकाय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नागेंद्र कुमार ने महिला शिक्षा के विकास में सावित्री बाई फुले के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि तत्कालीन परिस्थितियों में महिलाओं की दयनीय दशा को सुधारने हेतु शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराया तथा समकालीन सामाजिक कुरीतियों एवं कुप्रथाओं पर कठोर प्रहार किया उक्त अवसर पर इतिहास विभाग के प्रोफेसर आनंद शंकर चौधरी, टीडी कॉलेज बलिया के आचार्य प्रोफेसर संजय कुमार सरोज, सतीश चंद्र पीजी कॉलेज बलिया के प्रोफेसर राजेंद्र राम, काशी नरेश राजकीय पीजी कॉलेज ज्ञानपुर के आचार्य सुधीर रंजन, प्रो.शैलेंद्र कुमार वर्मा तथा डा. दिनेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए उक्त अवसर पर डॉ राखी देव,डॉ. ध्यानेंद्र कुमार मिश्रा,डॉ. अभिलाषा जायसवाल, ज्योत्सना राय, डॉ. सुनील यादव, डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ.धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार प्रजापति, जय प्रकाश शर्मा, शोधार्थीगण, बी.एड.एवं एम.एड.के विद्यार्थियों में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डा. राजेंद्र यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. वीणा वादिनी अर्याल ने किया। उक्त सूचना विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डा.नवरतन सिंह ने दी।




# तहसील केराकत को आईजीआरएस के मामले में 16वां रैंक मिला

### एसडीएम नेहा मिश्रा व उनकी टीम द्वारा लगातार क्षेत्र के लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का करवाया जा रहा निस्तारण

प्रखर केराकत जौनपुर। तहसील केराकत को आईजीआरएस निस्तारण के मामले में 16वां रैंक प्राप्त हुआ है एसडीम केराकत नेहा मिश्रा व उनके राजस्व टीम द्वारा लगातार क्षेत्र के लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं का गहनता से सुनवाई की जाती है तथा उनका निस्तारण भी करवाया जाता है। तहसील केराकत में जब से एसडीएम नेहा मिश्रा ने कार्यभार संभाला है, कई पुराने मामलों का उन्होंने निस्तारण बड़े ही अच्छे ढंग से करवाया है। ऐसी स्थिति में तहसील केराकत को आईजीआरएस के निस्तारण के मामले में 16वा रैंक प्राप्त हुआ है। इस बारे में पूछे जाने पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि राजस्व मामले में पूरे निष्पक्ष व सही तरीके से मामले को देखा जाता है।




तथा उसी के मुताबिक मामले का निस्तारण भी करवाया जाता है। आईजीआरएस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से देखा जाता है और उसका निस्तारण भी करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा पूर्ण प्रयास है कि हमारी पूरी टीम द्वारा लोगों का सही कार्यों हेतु सहायता हो सके तथा तहसील क्षेत्र में कानून व्यवस्था भी चुस्त व दुरुस्त रहे। विदित हो कि विद्युत हॉकी एसडीएम नेहा मिश्रा हर रोज समय से अपने कार्यालय में जनसुनवाई के लिए बैठ जाती हैं तथा आए हुए फरियादियों की एक-एक करके उनकी समस्याओं को सुनती है तथा निस्तारण भी करवाती हैं। नेहा मिश्रा अपनी बेहतरीन कार्यशैली के वजह से ही पूरे जनपद में एक अलग पहचान बन चुकी हैं।

# काशी क्षेत्र के पूर्व संगठन महामंत्री हृदयनाथ सिंह का निधन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी । प्रचारक एवं भाजपा काशी क्षेत्र के पूर्व संगठन महामंत्री हृदय नाथ सिंह का सोमवार की बीती रात लगभग 2 बजे निधन हो गया` लखनऊ स्थित राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में उपचार चल रहा था वे 76 वर्ष के थे हृदयनाथ सिंह मूल रूप से ग्राम अमावा खुर्द जिला जौनपुर के निवासी थे` भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हृदयनाथ सिंह के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो पदाधिकारियो को उनके अंतिम संस्कार हेतु उनके गांव भेजा हृदयनाथ सिंह के पार्थिव शरीर को लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय लाया गया जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य,ब्रजेश पाठक,प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी,प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उनको श्रद्धांजलि दी ` सन 1997 से 2002 तक हृदयनाथ सिंह भाजपा काशी क्षेत्र के संगठन महामंत्री रहे पार्टी के किसान मोर्चा का कार्य राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में देख रहे थे इसके साथ ही हृदयनाथ सिंह ने विभिन्न राज्यो व पार्टी के संगठनात्मक क्षेत्रों में संगठन की विभिन्न जिम्मेदारियों का बड़ी निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया और संगठन को मजबूत करने की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतिम संस्कार आज सायँ काल पट्टी नरेन्द्रपुर जिला जौनपुर स्थित इमलिया घाट पर सम्पन्न हुआ` मुखाग्नि उनके पुत्र अजीत सिंह ने दी` भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एवं राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश को हृदयनाथ सिंह के अंतिम संस्कार में इमलिया घाट जौनपुर जाने का निर्देश दिया जिसके तहत भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह एवं राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश वायुयान द्वारा मंगलवार अपरान्ह लगभग 3.00 बजे बाबतपुर हवाई अड्डे पहुंचे।यहां से सड़क मार्ग से हृदयनाथ सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए पट्टी नरेन्द्रपुर जिला जौनपुर स्थित इमलिया घाट के लिए रवाना हुए` भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, एमएलसी अश्वनी त्यागी, वाराणसी जिला एवं महानगर के प्रभारी एवं एमएलसी अरुण पाठक, एमएलसी अशोक धवन क्षेत्र महामंत्री अशोक चौरसिया, काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने हृदयनाथ सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा नेताओं ने गतात्मा की शान्ति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



# भीषण शीतलहर के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों के प्री प्राइमरी स्कूल 14 जनवरी तक बंद

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भीषण ठंढ और शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश से 1 जनवरी से 14 जनवरी तक सभी प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल बंद चल रहे हैं। इन्हीं विद्यालयों में अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन भी होता है। जिसमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे प्री प्राइमरी स्कूल में शामिल होते हैं। इन बच्चों के लिए भी 2 जनवरी से 14 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि भीषण शीत लहरी को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर 1 जनवरी से 14 जनवरी तक जनपद के सभी कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को बंद किया गया है। वहीं इन विद्यालयों में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्री प्राइमरी स्कूल का भी संचालन होता है। ऐसे में अब इन विद्यालय के बच्चों के लिए भी 2 जनवरी से 14 जनवरी तक अवकाश की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि बच्चों के अवकाश होने के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिका केंद्रों पर निर्धारित समय से उपस्थित रहकर शीतकालीन अवधि में विभागीय कार्यों का संपादन करेंगी। जैसे टेक होम, राशन का वितरण, समुदाय गतिविधियां, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस तथा पोषण ट्रैक्टर से संबंधित कार्यों सहित अन्य शासकीय कार्यों का निर्वहन पूर्ण की भांति करती रहेंगी। इस दौरान यदि कोई लापरवाही करता है तो वह क्षम्य नहीं होगा।



# अयोध्या में रामलला का दर्शन कर यह शख्स तोड़ेगा अपनी भीष्म प्रतिज्ञा

## पांच साल पूर्व प्रभु श्रीराम को टेंट में देख छलके थे आंसू, भदोही का रमेश सिंह 225 किमी पैदल चलकर करेगा श्रीराम का दर्शन

प्रखर भदोही। भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में रामलला का भव्य एवं अलौकिक मंदिर का निर्माण हो रहा है। यह सनातन और हिंदुत्व के लिए गौरव की बात है। लेकिन यह पल उन राम भक्तों के लिए सबसे अद्वितीय होगा जब प्रभु श्रीराम गर्भगृह में विराजमान होंगे। यह खुशी भदोही के रमेश सिंह के लिए भी अद्भुत होगी। पांच वर्ष पूर्व अयोध्या में रामलाला के दर्शन के बाद उन्होंने यह संकल्प लिया था कि जब तक प्रभु श्रीराम का मंदिर में नहीं विराजते तब तक वे पाँव में जूते, चप्पल और खड़ाऊ नहीं पहनेंगे उत्तरप्रदेश के जनपद भदोही के रमेश कुमार सिंह का सपना पांच साल बाद अब साकार होने जा रहा है। रमेश सिंह भदोही की उसी मिट्टी से जुड़े हैं जहाँ माँ सीता ने बाल्मीकि आश्रम में अपने बनवास काल व्यतीत किया। वह पवित्र धरती सीता समाहित स्थल यानी सीतामढ़ी यहीं है। रमेश सिंह सीतामढ़ी से करीब के गाँव गोलखरा के रहनेवाले हैं। साल 2018 में रमेश कुमार सिंह अपने परिवार के साथ प्रयागराज से ट्रेन पड़कर अयोध्या गए थे। वहां प्रभु श्रीराम के दर्शन के बाद उन्हें बड़ी ग्लानि हुई। क्योंकि भगवान मंदिर में विराजमान होने के बजाय अस्थाई टेंट यानी तालपतरी में विराजमान रहे। इसके बाद उन्होंने संकल्प लिया कि जब तक राम मंदिर का निर्माण नहीं हो जाता तब तक वे अपने पांव को पांव में पादुका, जूता -चप्पल नहीं पहनेंगे। रमेश सिंह बताते हैं की पवित्र सरयू नदी में स्नान कर जब वह प्रभु राम के दर्शन हेतु पहुंचे, तो भगवान को टेंट में विराजते देख उनकी आंखें भर आयी। आंखों से पीड़ा भरे आंसू छलक पड़े। उन्होंने अपने पाँव में पहने हुए चप्पल को वहीं फेंक दिया और संकल्प लिया कि जब तक प्रभु राम का भव्य मंदिर नहीं बन जाएगा। भगवान गर्भगृह में स्थापित



नहीं हो जाते, तब तक नंगे पांव रहेंगे। रमेश सिंह उसी दौरान अपने संकल्प को दृढ कर लिया। वह तभी से चाहे ठंडी हो या बरसात। तेज धूप में तपती धरती हो या पहाड़। कभी किसी की परवाह किए बगैर अपने संकल्प पर अडिग रहे। कहीं यात्रा करनी हो या किसी कार्यक्रम में जाना हो वह नंगे पांव ही जाते हैं। अब उनका कहना है कि वह नंगे पांव भदोही से करीब 225 किलोमीटर दूर स्थित अयोध्या धाम जाकर पतित पावनी मां सरयू की अविरल जलधारा में स्नान के उपरांत भगवान राम के दर्शन के करेंगें और वहीं अपना संकल्प तोड़ेंगे। वह आगामी 12 जनवरी को पैदल दर्शन-पूजन यात्रा पर निकलेंगें। और जब तक दर्शन नही मिल जाएगा, वापस नही लौटेंगें। वह राममंदिर बनने से बेहद प्रसन्न हैं। जुलाई 2020 में सुप्रीम कोर्ट से रामजन्मभूमि के पक्ष में फैसला आने के बाद वे बेहद खुश हुए। लेकिन उस साल 4-5 माह तक निर्माण कार्य शुरू न होने पर बहुत दुःखी हुए। बाद में 2020 में लॉक डाउन के समय ही पंचकोशी यात्रा के दौरान अयोध्या गए। इस समय प्रधानमंत्री मोदी भी अयोध्या गए थे। रमेश सिंह साईकिल से अयोध्या पहुचें थे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद उनका संकल्प पूरा होने को है। इसलिए वे इतने उत्साहित हैं कि पैदल चल कर रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। वह 28 जुलाई 2023 को मुख्यमंत्री योगी से भी मिल चुके हैं। रमेश अभी भी नियमित चार से पांच घण्टे पूजा पाठ करते हैं।

# भगवामय हुआ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय वाराणसी में पूर्वोत्तर रेलवे श्रमिक संघ के तरफ से मंडल अध्यक्ष सर्वेश पांडेय के नेतृत्व में समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को अंग्रेजी कैलेंडर नव वर्ष की शुभकामना और दी गई बधाई सैकड़ो की संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता केशरिया भगवा साफा बांधकर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के साथ मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामना और बधाई देते दिखे` शुभकामना देने वालों में भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विश्वेश्वर राय, विभाग प्रमुख काशी क्षेत्र राकेश पांडे, जोनल अध्यक्ष अरविंद कुमार, मंडल मंत्री हरि नारायण शर्मा, संगठन मंत्री विकास केशरी, सहायक मंडल मंत्री आर के गिरी, शाखा मंत्री एवं शाखा अध्यक्ष डी के शर्मा एवं आशुतोष दुबे, रंजीत कुमार, सर्वेश मौर्य, राजीव सिंह, रंजीत कुमार, अशोक, बिरजू, महेंद्र नाथ, सुरेंद्र, शिवम के साथ कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### श्रमजीवी ट्रेन विस्फोट कांड के दोनों आरोपियों को मिली सजाए मौत



प्रखर जौनपुर। सिंगरामऊ के हरपालगंज रेलवे स्टेशन के पास श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में 28 जुलाई 2005 को हुए बम विस्फोट के मामले में कोर्ट ने दो अरोपियो को दोषी मिलने पर मृत्यु दंड की सजा और 5- 5 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। इस विस्फोटक कांड में 14 लोगो मौत हुई थी 62 लोग घायल हुए थे। इस मामले अन्य दोषियों को वर्ष 2016 में ही मृत्युदंड से दंडित किया जा चुका है। इनकी अपील हाईकोर्ट में लंबित है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत में शुक्रवार को ट्रेन में बम रखने का आरोपित बांग्लादेश निवासी हिलाल उर्फ हिलालुद्दीन व विस्फोट में सहयोग का आरोपित नफीकुल विश्वास को दोपहर बाद तीन बजकर 20 मिनट पर कोर्ट में पेश किया गया। दोनों आरोपियों पर दोष सिद्ध होंने पर सजाए मौत सुनाई गई है। इस दौरान न्यायालय परिसर में काफी संख्या में फोर्स की तैनाती रही। फैसले के बाद दोनों दोषियों को कड़ी सुरक्षा में जेल भेज दिया गया। बांग्लादेशी आरोपी हिलाल उर्फ हिलालुदीन व बंगाल के नफीकुल विश्वास की पत्रावली करीब छह साल से अंतिम बहस में चल रही थी।

### महिलाएं हर कार्य में पुरुषों से दो कदम आगे चल रही हैं : चौकी प्रभारी स्नेहा राय




प्रखर जौनपुर। प्रदेश में इस समय महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा हर क्षेत्र में हर कार्य में दो कदम आगे चल रही है और अपने जिम्मेदारियां को बेहतर तरीके से निभा भी रही है। उक्त बातें चौकी प्रभारी सिपाह स्नेहा राय ने मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस पर कोतवाली थाना क्षेत्र के चाचकपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करते हुए कहा। चौकी प्रभारी सिपाह स्नेहा राय ने कहा कि महिलाएं पूरे देश में, प्रदेश में हर क्षेत्र में हर कार्य में दो कदम आगे चल रही हैं। तथा शिक्षा क्षेत्र से लेकर आर्मी, पुलिस फोर्स, तथा पीएसी में भर्ती होकर देश की सेवा करने में भी अहम योगदान प्रदान कर रही हैं। चौकी प्रभारी स्नेहा राय ने कहा कि महिलाओं को किसी भी मामले में किसी प्रकार का कोई संकोच नहीं करना है। बढ़ चढ़कर हर कार्यों में हिस्सा लेते रहना है। कार्यक्रम के बाद उपस्थित महिलाओं ने चौकी इंचार्ज स्नेहा राय को माला पहनकर उनका भव्य स्वागत भी किया तथा उनके साथ आए हुए महिला पुलिसकर्मियों को भी उन्होंने सम्मानित करने का कार्य किया।

### जिलाधिकारी एवम पुलिस अधीक्षक ने बैठक कर सुनी बस व ट्रक चालकों की समस्याएं



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को हिट एण्ड रन कानून के तहत चल रहे चालकों द्वारा विरोध और हड़ताल के मद्देनजर जिलाधिकारी महोदया एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा राइफल क्लब गाजीपुर में ट्रक तथा बस चालक एशोसिएशन तथा पेट्रोल पंप संचालकों के साथ मीटिंग कर उनकी समस्याओं को सुन उनका निस्तारण करने व हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर एडीएम, एआरटीओ तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### भारत एक्सप्रेस के सीएमडी उपेन्द्र राय करेंगे अष्ट इंटर कॉलेज में हरिनारायण की प्रतिमा का अनावरण




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अष्ट इंटर कॉलेज के संस्थापक हरिनारायण राय चौधरी की प्रतिमा अनावरण के इंतजार की घड़ियां समाप्त हो गई,जिसको लेकर लोगो में काफी नाराजगी थी। लेकिन अब क्षेत्रीय नागरिकों सहित पूर्व छात्रों की यह मांग 6 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे पूरी होने जा रही है। विद्यालय के प्रबंधक अवध किशोर राय ने मूर्ति का अनावरण के पूर्व भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय हरिनारायण राय चौधरी विद्यालय के कर्णधार थे। जिनका जन्म 18 जनवरी 1898 को शेरपुर कलां गांव में हुआ था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा ग्रहण कर एमए एलटी की डिग्री ली थी। अष्ट इंटर कॉलेज विद्यालय के प्रति उनका दिया गया योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। वे विद्यालय के प्रति समर्पित थे। सेवानिवृत्त के तीन दशक बाद भी कालेज से जुड़े रहे। अंतिम समय तक कालेज के उन्नति के लिए सहयोगियों से संपर्क में रहे। उनकी कमी आजीवन खलती रहेगी। विद्या का मंदिर बनाने के लिए बहुत बड़ा दिल होना चाहिए जो कि राय साहब में था। उनके पौत्र और कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में मीडिया जगत से भारत एक्सप्रेस के सीएमडी उपेन्द्र राय, विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षक विधायक प्रमोद मिश्र, वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ एसएन राय आदि उपस्थित रहेंगे। मालूम हो कि क्षेत्र में नौ जुलाई 1937 को स्थापित यह विद्यालय एकमात्र अंगीभूत कालेज है। कालेज के संस्थापक हरिनरायण राय ने अपने दम पर नौ छात्रों को लेकर विद्यालय की स्थापना की थी। इस विद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। स्थापना काल के तीन दशकों तक 20 किलोमीटर की परिधि में यह एक मात्र इंटर कॉलेज था जहां जिले ही नहीं बल्कि बलिया जिले के छात्र भी शिक्षा ग्रहण करने आते थे। यहां से शिक्षा ग्रहण कर छात्र उच्च स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी भी यहां के छात्र रह चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर मीडिया जगत में छात्र सेवा कर रहे हैं।

## सलार हिंदी वर्जन में 125 करोड़ के पार




मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' थिएटर्स में एंटरटेनमेंट का सॉलिड डोज दे रही है। पहले हफ्ते में 'सलार' ने हिंदी वर्जन से 92 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर लिया था. दूसरे वीकेंड में फिल्म की हिंदी वर्जन से कमाई लगातार बढ़ती रही. शुक्रवार को 6 करोड़, शनिवार को 7.25 करोड़ और रविवार को 9 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन के साथ हिंदी में भी 'सलार' ने 125 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

## एनिमल का जलवा 31वें दिन बरकरार





मुंबई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल बेधड़क थिएटर्स में चल रही है। तमाम क्रिटिसिज्म के बावजूद रणबीर कपूर की इस फिल्म ने जमकर कमाई की है। अपने लिमिटेड स्क्रीन काउंट के साथ संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म अपनी जगह डटी रही। फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन देश में 1.67 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का टोटल कलेक्शन अब 544.93 करोड़ रुपए है।

## 400 करोड़ के करीब पहुंची डंकी




मुंबई। पहले हफ्ते में 160 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन कर चुकी 'डंकी' ने रविवार को 11.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार 12वें दिन, सोमवार को 'डंकी' ने शनिवार से भी ज्यादा कलेक्शन किया है। 2024 के पहले दिन शाहरुख की फिल्म ने 9.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। अब 12 दिन में शाहरुख की फिल्म 'डंकी' बॉक्स ऑफिस पर 397 करोड़ नेट इंडिया कलेक्शन कर चुकी है।



## नए साल में अर्जुन ने बनाया नया टैटू...

मुंबई। 2 स्टेट्स, इशकजादे और मुबारकां के लिए एक्टर अर्जुन कपूर ने नए साल का स्वागत एक पॉजिटिव सोच के साथ किया। उन्होंने अपने कैल्फ पर एक नया टैटू बनवाया है। इसमें लिखा है राइज। एक्टर ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम पर टैटू डिजाइन का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हम जो थे उसकी राख से ही हम वह बन सकते हैं जो हमें बनना है। सोशल मीडिया पर अर्जुन का ये टैटू वीडियो काफी वायरल हो रहा है। उनके वीडियो पोस्ट पर एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाथ उठाने वाला इमोजी के साथ अपनी प्रतिक्रिया दी है।

लाइफ Style

## अदिति सिद्धार्थ संग कंफर्म की रिलेशनशिप

नए साल का आगमन बड़े धूमधाम से हो गया है। किसी ने अपने परिवार तो किसी ने अपने दोस्तों के साथ नए साल को वेलकम किया है। इसी बीच पद्मावत' फेम एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ फोटो शेयर कर अपनी रिलेशनशिप को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदिति राव हैदरी सोशल मीडिया पर खासी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ पोस्ट और स्टोरीज के माध्यम से जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस सिद्धार्थ के साथ तस्वीरें और वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं, लेकिन जब भी रिलेशनशिप को लेकर सवाल किया जाता है तो दोनों इसे सीक्रेट रखने की कोशिश करते हैं। हालांकि एक्ट्रेस की हालिया पोस्ट से उनकी और सिद्धार्थ के रिश्ते को लेकर फिर से चर्चा बढ़ गई है। अदिति राव हैदरी ने न्यू ईयर के मौके पर सिद्धार्थ के साथ इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में अदिति और सिद्धार्थ कैमरे के लिए पोज दे रहे हैं। दोनों की इस तस्वीर से लगता है कि शायद वे विदेश में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। फोटो शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, खुश, धन्य और आभारी। जादुई खुशी, प्यार, हंसी, यूनिकॉर्न और फेयरी डस्ट के लिए। आप सभी को नए साल की शुभकामनाएं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा, तो यह ऑफिशियल हो गया। एक ने लिखा, परफेक्ट। एक यूजर ने कहा, बढ़िया चॉइस है। आप दोनों एक-दूसरे को डिजर्व करते हैं।




हॉलीवुड मसाला



## बीच किनारे चिल करती दिखीं

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज 1991 में अपने डेब्यू के बाद से कई लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हसीना अपने काम, लुक और एक्सेसरीज से अक्सर फैंस का दिल चुरा लेती हैं। वहीं अब एक बार फिर जेनिफर ने अपने लुक्स से तहलका मचा दिया। इन तस्वीरों में जेनिफर बीच किनारे चिल मूड में नजर आ रही हैं। लुक की बात करें तो जेनिफर व्हाइट बिकिनी में बेहद हॉट लग रही हैं। इस बिकिनी टॉप में वह अपने टोन्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रही हैं।




## पब्लिक स्क्रूटनी से नाराज है एंजेलिना

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस एंजेलिना जोली और उनके स्टार पति ब्रैड पिट के बीच हुए विवाद से हर कोई वाकिफ है। इस वक्त एंजेलिना पब्लिक स्क्रूटनी से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। वो इस बात से नाखुश हैं कि उनकी गलत इमेज बनाई जा रही है। यही वजह है कि वो हॉलीवुड को अलविदा कहने वाली हैं। यानी वो अब एक्टिंग नहीं करेंगी। बता दें कि एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने तब एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था, जब वे 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' के सेट पर मिले थे। इससे पहले ब्रैड पिट की जेनिफर एनिस्टन से शादी हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने पांच साल का रिश्ता तोड़ दिया था। इनके 6 बच्चे हुए।



## इंटीमेट सीन को लेकर मौनी हुई ट्रोल...

मुंबई। अभिनेत्री मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपनी तस्वीरों को वीडियोज के साथ अक्सर सुर्खियों में रहने वाली मौनी ने हाल ही में कुछ तस्वीरें और वीडियोज अपने पति सूरज नांबियार के साथ शेयर की है, जिसको देख फैंस की धड़कने तेज हो गई हैं। मौनी ब्लैक बिकिनी में पति के साथ पूल में नजर आ रही है, जहां दोनों का पूल रोमांस नजर आ रहा है। कपल की सिजलिंग केमिस्ट्री फैंस का दिल जीत रही है।कुछ यूजर्स ऐसे भी हैं, जिन्हें मॉनी का ये रूप बिलकुल पसंद नहीं आ रहा है। लोग उनके इस पोस्ट और रिवीलिंग बिकिनी पहनने पर ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- अरे कुछ तो शर्म कर लिया करो। एक अन्य ने लिखा, पूरे कपड़े पहनना कभी सीख पाओगी। एक अन्य ने लिखा- अरे इज्जत बची है, थोड़ी से बेशर्म।



## करण ने दिखाए अपने वॉशबोर्ड एब्स...

मुंबई। एक्टर करण सिंह ग्रोवर, जो अपनी अपकमिंग फिल्म 'फाइटर' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने मंगलवार को अपनी तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह अपने टोन्ड बॉडी और वॉशबोर्ड एब्स फ्लॉन्ट कर रहे हैं। करण, जो 'दिल मिल गए' और 'कुबूल है' जैसे शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, एक फिटनेस फ्रीक हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट रूटीन भी शेयर करते रहते हैं। एक्टर ने कई तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह पानी के बीच में नजर आ रहे हैं और अपने बाइसेप्स, मसल्स और वॉशबोर्ड एब्स दिखा रहे हैं। पोस्ट का टाइटल 'मेटमोरफोसिस' था। करण, जो जल्द ही ऋतिक रोशन-स्टारर 'फाइटर' में दिखाई देंगे। एब्स को देखकर एक फैन ने लिखा, आखिरकार ऋतिक को तगड़ा कॉम्पिटिशन मिलेगा।

### पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलेगी

## जनवरी में लगेगा मनोरंजन का तड़का, रिलीज होगी ये फिल्में




### ऋतिक व दीपिका की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण लंबे समय से फिल्म 'फाइटर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसमें पहली बार ऋतिक और दीपिका की जोड़ी देखने को मिलने वाली है। अनिल कपूर भी इस फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके सिद्धार्थ आनंद इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। 'फाइटर' गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले यानी 25 जनवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी।

*नई दिल्ली। नए साल की शुरुआत के साथ ही सिनेप्रेमियों को कई बड़ी फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। दिसंबर का महीना सिनेमा और सिनेमाघरों दोनों के लिए बढ़िया रहा है। बहरहाल, 2024 का आगाज होते ही कई ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को बेसब्री से है। साल के जाते-जाते 'डंकी' और 'सालार' की भिड़ंत ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब सुर्खियां बटोरीं। इस बड़े टकराव के बावजूद दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन किया है।*

### कैटरीना-विजय सेतुपति की 'मेरी क्रिसमस'

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में पहली बार साथ दिखाई देंगे। फिल्म को श्रीराम राघवन ने निर्देशित किया है। 'मेरी क्रिसमस' एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है।




### 'कल्कि 2898 एडी में अमिताभ विलेन'

नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' पिछले काफी समय से अपनी रिलीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म के जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी बनने जा रही है, वहीं अमिताभ बच्चन इसमें विलेन की भूमिका में दिखने वाले हैं। फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। सैन डिएगो में हुए कॉमिक-कॉन इवेंट में इस फिल्म का टीजर जारी किया गया था।




### 'मैं अटल हूं', 19 जनवरी से बड़े पर्दे पर




जल्द ही अभिनेता पंकज त्रिपाठी फिल्म 'मैं अटल हूं' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। रवि जाधव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज दी। फिल्म में अटल के जीवन और राजनीति संघर्षों को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 19 जनवरी को रिलीज होगी।

## फरवरी में बॉयफ्रेंड जैकी भगनानी संग शादी के बंधन में बंधने को तैयार हैं रकुल प्रीत सिंह

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और उनके अभिनेता-निमार्ता प्रेमी जैकी भगनानी कथित तौर पर शादी करने जा रहे हैं। नए साल की शुरूआत होते ही दोनों की शादी की खबरें सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गयी है। रकुल प्रीत सिंह और जैकी लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और उन्होंने 2021 में जैकी भगनानी के जन्मदिन पर अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जन्मदिन की शुभकामनाएं साझा कीं और घोषणा की कि वे एक साथ हैं और डेटिंग कर रहे हैं। तब से, वे एक जोड़े के रूप में कार्यक्रमों, प्रीमियर, पुरस्कार समारोह, प्रचार आदि में जाते रहे हैं। अगर चल रही अफवाहों पर गौर किया जाए, तो रकुल प्रीत और जैकी एक बड़ी छलांग लगाकर अपने निजी जीवन में घर बसाने पर विचार कर रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों इस साल फरवरी में भारत की एक खूबसूरत जगह गोवा में शादी करने जा रहे हैं। हालाँकि, इस जानकारी के बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है। हम सब इसकी पुष्टी का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री, जो टॉलीवुड फिल्म उद्योग में लगभग अदृश्य हो गई है, अगली बार शिवकार्तिकेयन की प्रतिष्ठित परियोजना अयलान और इंडियन 2 में दिखाई देगी। ये दोनों फिल्में बड़े बैनर और विशाल प्रोडक्शन हैं। इसके अलावा, वह हिंदी में रीमेक फिल्म मेरी पत्नी का की शूटिंग कर रही हैं। जैकी भगनानी का वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेता-निमार्ता गणपथ 2, सूर्यपुत्र महावीर कर्ण और मिशन लायन फिल्मों में दिखाई देंगे, जो सभी उत्पादन चरण में हैं।




## खबर संक्षेप



### लेलैंड की कुल बिक्री में 10 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री दिसंबर 2023 में 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,324 इकाई रही। दिसंबर 2022 में यह 18,138 इकाई थी। अशोक लेलैंड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि घरेलू बिक्री 10 प्रतिशत घटकर 15,323 इकाई रही। दिसंबर 2022 में यह 17,112 इकाई थी। घरेलू बाजार में मध्यम तथा भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत घटकर 10,102 इकाई रही, जो 2022 में इसी महीने में 11,399 इकाई थी।

### ईजी ट्रिप को 1,000 करोड़ जुटाने की मिली मंजूरी




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवाप्रदाता ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड तरजीही निर्गम के जरिये 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रही है। ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने मंगलवार को हुई बैठक में धन जुटाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। कंपनी के अनुसार, यह प्रक्रिया कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों और अन्य लागू कानूनों के तहत तय की जाएगी।

### रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 83.32 प्रति डॉलर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों के नरम रुख और डॉलर की बढ़ती मांग के बीच मंगलवार को रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 83.32 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोषों की निकासी और डॉलर की मांग ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.28 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के अंत में यह 83.32 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 11 पैसे की गिरावट है।

### एयरटेल अफ्रीका के अगले सीईओ होंगे सुनील तलदार

**नई दिल्ली।** एयरटेल अफ्रीका ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ओलुसेगुन 'सेगुन' ओगुनसान्या के एक जुलाई से सेवानिवृत्त होने और उनकी जगह सुनील तलदार को देने की मंगलवार को घोषणा की। तलदार अक्टूबर, 2023 में निदेशक (बदलाव) के रूप में एयरटेल अफ्रीका का हिस्सा बने थे। वह ओगुनसान्या के साथ मिलकर काम करते हुए सीईओ की भूमिका के लिए खुद को तैयार करेंगे।



### एचयूएल को मिला जीएसटी मांग तथा जुर्माना नोटिस




**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) को पांच राज्यों के अधिकारियों से कुल 447.5 करोड़ रुपये के जीएसटी मांग तथा जुर्माना नोटिस मिले हैं। एचयूएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इन ओदशों के खिलाफ अपील की जा सकती है और कंपनी इसका आकलन करेगी। कंपनी को पिछले सप्ताह शुक्रवार और शनिवार को जीएसटी क्रेडिट की अस्वीकृति, प्रवासियों को दिए जाने वाले भत्ते सहित वेतन आदि जैसे मुद्दों पर विभिन्न राज्यों के जीएसटी अधिकारियों से पांच नोटिस मिले।

# वोडाफोन आइडिया ने मस्क की कंपनी स्टारलिंक के साथ गठजोड़ को नकारा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने कंपनी में एलन मस्क के स्टारलिंक के निवेश किए जाने की खबरों का खंडन किया है। वोडाफोन आइडिया ने स्टॉक एक्सचेंजों को रेग्यूलेटरी फाइलिंग में ये सूचित किया है। इस खबर के सामने आते ही वोडाफोन आइडिया का स्टॉक 5 फीसदी तक औंधे मुंह जा गिरा। फिलहाल शेयर 5.59 फीसदी की गिरावट के साथ 16.05 रुपये पर बंद हुआ। दो ट्रेडिंग सेशन में वोडाफोन आइडिया के शेयर में बड़ी तेजी के बाद एक जनवरी, 2024 को स्टॉक एक्सचेंजों ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा था। खबर में ये कहा गया था कि एलन मस्क की स्टारलिंक वोडाफोन आइडिया में निवेश कर सकती है। जिसके बाद कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों के पास रेग्यूलेटरी फाइलिंग में सफाई दी है।

## स्टॉक एक्सचेंज में सूचना फाइल करते ही स्टॉक पांच फीसदी टूटा

### कंपनी सेबी के नियमों का पालन करेगी

वोडाफोन आइडिया ने कहा कि कंपनी नामित पार्टी के साथ कोई चर्चा नहीं कर रही है। इस न्यूज आइटम में किस आधार पर ये बातें कही गई है इसकी हमें जानकारी नहीं है। वोडाफोन आइडिया ने कहा कंपनी सेबी के लिस्टिंग रेग्यूलेशन के नियमों का पूरा पालन करेगी और प्राइस सेंसेटिव सूचनाओं से स्टॉक एक्सचेंजों को अवगत कराती रहेगी।




### दो सत्र में 40 फीसदी का उछाल देखने मिला

शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 से वोडाफोन आइडिया के स्टॉक में जोरदार तेजी देखने को मिली है। 28 दिसंबर को स्टॉक 13.25 रुपए पर क्लोज हुआ था। लेकिन उसके बाद अगले दो सत्र में स्टॉक में करीब 40 फीसदी का उछाल देखने को मिला और 1 जनवरी 2024 को शेयर एक वर्ष के हाई 18.40 रुपए पर जा पहुंचा। लेकिन वोडाफोन आइडिया की सफाई के बाद 2 जनवरी को स्टॉक 6.17 फीसदी तक गिरकर 15.95 रुपये तक जा गिरा। दरअसल पिछले कई महीने से बाजार में ये अफवाह है कि वोडाफोन आइडिया में अपनी 33 फीसदी हिस्सेदारी को भारत सरकार एलन मस्क के स्टारलिंक को बेच सकती है।

### सरकार वोडाफोन आइडिया में सबसे बड़ी शेयर होल्डर

फरवरी 2023 में वोडाफोन आइडिया पर भारत सरकार के 16,133 करोड़ रुपये के बकाए को इक्विटी में बदल दिया गया जिसके बाद सरकार वोडाफोन आइडिया में सबसे बड़ी स्टेकहोल्डर हो गई है। सरकार के पास वोडाफोन आइडिया के 33 फीसदी शेयर्स हैं। वोडाफोन आइडिया पर पर करीब 2.11 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है।

## बैंकों के लिए आरबीआई ने लाया है प्रस्ताव

# छह फीसदी से कम एनपीए वाले बैंक जल्द कर पाएंगे लाभांश घोषित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छह प्रतिशत से कम शुद्ध गैर-निष्पादित आस्ति (एनपीए) अनुपात वाले बैंकों को लाभांश घोषित करने की अनुमति देने का मंगलवार को प्रस्ताव रखा। मौजूदा मानकों के मुताबिक, बैंकों को लाभांश की घोषणा की पात्रता हासिल करने के लिए उनका शुद्ध एनपीए अनुपात सात प्रतिशत तक होना चाहिए।

- मौजूदा मानकों में लाभांश के लिए सात फीसदी एनपीए जरूरी है

इन मानकों को वर्ष 2005 में आखिरी बार संशोधित किया गया था। अब रिजर्व बैंक ने लाभांश घोषणा पर अपने दिशानिर्देश के मसौदे में इस अनुपात को बदलने की बात कही है। आरबीआई ने कहा, 'जिस वित्त वर्ष के लिए लाभांश देने का प्रस्ताव है, उसके लिए बैंक का शुद्ध एनपीए अनुपात छह प्रतिशत से कम होगा।'

**खास बातें**

- इन मानकों को वर्ष 2005 में आखिरी बार संशोधित किया गया था
- वित्तीय स्थिरता के लिए लाए गए बासेल-3 मानकों पर अमल




### लाभांश घोषणा संबंधी दिशानिर्देशों की समीक्षा

आरबीआई ने कहा कि वित्तीय स्थिरता के लिए लाए गए बासेल-3 मानकों पर अमल, त्वरित उपचारात्मक कार्रवाई (पीसीए) ढांचे में संशोधन और खास मकसद के लिए अलग बैंकों की शुरुआत को ध्यान में रखते हुए लाभांश घोषणा संबंधी दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई है।

### लोगों से 31 जनवरी तक सुझाव मांगे गए

केंद्रीय बैंक ने नए दिशानिर्देश को वित्त वर्ष 2024-25 से लागू करने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव पर लोगों से 31 जनवरी तक सुझाव मांगे गए हैं। मसौदे में लाभांश भुगतान के प्रस्तावों पर विचार करते समय बैंकों के निदेशक मंडल को निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

### ग्रामीण बैंकों के लिए नौ फीसदी निर्धारित

लाभांश घोषणा का पात्र बनने के लिए एक वाणिज्यिक बैंक के पास न्यूनतम 11.5 प्रतिशत का पूंजी पर्याप्तता अनुपात होना चाहिए। लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंकों के मामले में यह अनुपात 15 प्रतिशत और स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए नौ प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

### लाभांश अनुपात भुगतान बढ़ाकर 50 फीसदी करने का प्रस्ताव

इस प्रस्ताव को मौजूदा मानदंडों में रियायत के रूप में देखा जा सकता है। रिजर्व बैंक ने लाभांश भुगतान अनुपात पर ऊपरी सीमा को 40 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का भी प्रस्ताव दिया है। मसौदे के मुताबिक, रिजर्व बैंक लाभांश की घोषणा पर तदर्थ वितरण के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

### विदेशी बैंक शुद्ध लाभ अपने देश भेज सकते हैं

विदेशी बैंकों के मामले में आरबीआई ने कहा है कि वे उसकी पूर्व-अनुमति के बगैर भारतीय परिचालन से अर्जित एक तिमाही या एक वर्ष का शुद्ध लाभ या अधिशेष अपने देश भेज सकते हैं।

# देश में अक्टूबर-दिसंबर में चीनी उत्पादन 7.7 प्रतिशत घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो प्रमुख उत्पादक राज्यों में उत्पादन कम रहने से चालू 2023-24 सत्र के पहले तीन माह में देश का चीनी उत्पादन 7.7 प्रतिशत घटकर 112 लाख टन रह गया है। सहकारी संस्था एनएफसीएसएफ ने यह जानकारी दी है। चीनी सत्र 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि के दौरान चीनी का उत्पादन 121.35 लाख टन रहा था। एनएफसीएसएफ ने चीनी सत्र 2023-24 में देश का कुल चीनी उत्पादन 305 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है, जो चीनी सत्र 2022-23 में प्राप्त 330.90 लाख टन चीनी से कम है।

- पहले तीन माह में उत्पादन घटकर 112 लाख टन पर

चीनी का मौसम अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। ताजा आंकड़ों को जारी करते हुए, नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज़ (एनएफसीएसएफ) ने कहा कि चालू सत्र में दिसंबर, 2023 तक कुल 511 कारखानों ने 1,223 लाख टन गन्ने की पेराई की है। शीर्ष तीन चीनी उत्पादक राज्यों में से महाराष्ट्र और कर्नाटक में उत्पादन इस चीनी सत्र की अक्टूबर-दिसंबर अवधि के दौरान कम रहा।

एनएफसीएसएफ के अध्यक्ष जयप्रकाश दांडेगांवकर ने कहा, 'चूंकि केंद्र सरकार ने गन्ने के रस से एथनॉल का उत्पादन सीमित कर दिया है, इसलिए देश में स्थानीय खपत के लिए नई चीनी की कुल उपलब्धता 305 लाख टन होने की उम्मीद है।'

### तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कर्नाटक

इसी तरह, देश के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में चीनी उत्पादन कम यानी 24 लाख टन रहा, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 26.70 लाख टन था। हालाँकि, देश के दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में इस सत्र में दिसंबर तक 34.65 लाख टन से अधिक चीनी का उत्पादन हुआ, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 30.80 लाख टन ही था।

# डुकाटी इस साल भारत में पेश करेगी आठ नई बाइक




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लक्जरी मोटरसाइकिल बनाने वाली इतालवी कंपनी डुकाटी ने मंगलवार को कहा कि वह भारतीय बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए इस साल यहां आठ नई बाइक पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के बयान में कहा कि वह इस साल मल्टीस्ट्राडा वी4 आरएस, डेजर्टएक्स रैली, पैनिगेल वी4 रेसिंग रेप्लिका 2023, डायवेल फॉर बेंटले, मॉन्स्टर 30 एनिवर्सेरियो, पैनिगेल वी4 एसपी2 30 एनिवर्सेरियो 916 के साथ नया स्ट्रीटफाइटर वी4एस 2023 मॉडल लेकर भारत आने वाली है। डुकाटी ने कहा कि इसकी शुरुआत नए साल की पहली तिमाही में स्ट्रीटफाइटर वी4 लेम्बोर्गिनी मॉडल के साथ होगी। दो नई डीलरशिप के साथ आठ नई मोटरसाइकिलें भारतीय बाजार में पेश की जाएंगी।

- कंपनी भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने की बना रही योजना

### कंपनी 2023 में बिक्री लक्ष्य पाने में रही सफल

*डुकाटी इंडिया के प्रबंध निदेशक विपुल चंद्रा ने कहा कि 2023 की पहली तीन तिमाहियों में स्क्रैम्बलर रेंज की बाइक न होने के बावजूद कंपनी अपने बिक्री लक्ष्य को पाने में सफल रही थी। उन्होंने कहा कि डुकाटी को भारतीय बाजार के लिए 2024 का साल आशाजनक रहने की उम्मीद है।*

# वेदांता एल्यूमिनियम ने जीएसीएल के साथ किए एमओयू पर हस्ताक्षर



▶▶| नई दिल्ली

वेदांता लिमिटेड (एल्यूमिनियम बिज़नेस) ने गुजरात अल्कालीज़ एंड कैमिकल्स लिमिटेड (जीएसीएल) के साथ मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार के तहत कॉस्टिक-क्लोराइन और अन्य संबंधित कारोबारी क्षेत्रों में व्यापारिक अवसरों की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इस एमओयू का लक्ष्य है वेदांता एल्यूमिनियम एवं जीएसीएल, दोनों के व्यापारों के मूल्य संवर्धन की क्षमताओं की पहचान करना और इसके लिए उनके कॉम्पलीमेंट्री कौशल, ताकत व समान व्यापारिक हितों के आधार पर सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपना कर तालमेल हासिल किया जाएगा। इसी अनुसार दोनों कंपनियां और अधिक विस्तार से समन्वय करते हुए अवसरों का जायज़ा लेंगी ताकि संसाधनों को एकत्रित किया जाए जो कि दोनों पक्षों के लिए परस्पर लाभकारी बने। यह कदम वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा किए जा रहे 'वर्टिकल इंटिग्रेशन' के प्रयासों में भी सहायक होगा।

# बैंक ऑफ इंडिया 175 दिन की जमा पर निवेशकों को देगा 7.5% देगा ब्याज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को एक नई थोक जमा योजना पेश की। इसमें 175 दिन के लिए दो करोड़ रुपये और उससे अधिक की जमा पर 7.50 प्रतिशत ब्याज मिलेगा।

- बैंक ने एक नई थोक जमा योजना की पेश

बीओआई अबतक 174 दिन के लिए इतनी ही राशि जमा करने पर छह प्रतिशत ब्याज दे रहा था। नई दर एक जनवरी से प्रभाव में आ गयी है। बैंक ने बयान में कहा कि नई ब्याज दर दो करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये से कम जमा तक के लिए है। विशेष सावधि जमा केवल रुपये में जमा राशि के लिए है। यह पेशकश सीमित अवधि के लिए है। नई दर एक जनवरी से प्रभाव में आ गयी है। इस बीच, निजी क्षेत्र के डीसीबी बैंक ने 'हैप्पी सेविंग्स अकाउंट' की घोषणा की है।




### यूपीआई से लेनदेन पर मिलेगा कैशबैक

डीसीबी बैंक ने एक बयान में कहा कि इसके तहत खाताधारकों को देश के भीतर यूपीआई के जरिये लेन-देन करने पर 'कैशबैक' मिलेगा।

# स्टार्टअप सेटल ने निवेशकों से जुटाए 10 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** स्टार्टअप सेटल ने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए गृहस और वी फाउंडर सर्कल सहित निवेशकों से 10 करोड़ रुपये जुटाए हैं। स्टार्टअप सेटल के बेंगलुरु, हैदराबाद, गुरुग्राम और चेन्नई में 60 से अधिक 'को-लिविंग' (सह-आवास) सेंटर हैं। इनमें कुल 4,000 बिस्तर (बेड) हैं। यह एक बेड को किराए पर देने के लिए प्रति माह 12,500 से 18,000 रुपये तक लेते हैं। सेटल की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस राशि सहित कंपनी अभी तक कुल 15 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। कंपनी इस राशि का इस्तेमाल कारोबार का विस्तार करने के लिए करेगी। स्टार्टअप सेटल की शुरुआत 2020 में की गई। कंपनी लोगों को किराए पर 'को-लिविंग' (सह-आवास), पीजी (पेइंग गेस्ट) तथा अपार्टमेंट मुहैया कराती है।




# बैंक, आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 379 अंक टूटा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 379 अंक टूटकर बंद हुआ। मुख्य रूप से हाल की तेजी के बाद बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।

- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की पूंजी निकासी

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 379.46 अंक गिरावट के साथ 71,892.48 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 658.2 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 76.10 अंक गिरावट के साथ 21,665.80 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 नुकसान में, जबकि 19 लाभ में रहा।

### रिलायंस, टाइटन रहे लाभ में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व और टाइटन शामिल हैं।

### एमएंडएम में रही गिरावट

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा में सर्वाधिक 2.78 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, विप्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर में प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।


## स्विगी, फर्स्टक्राई, ओला इलेक्ट्रिक, ओयो जैसी कंपनियां जुटाएगी पैसा

# वर्ष 2024 में आ रहे हैं दिग्गज कंपनियों के आईपीओ, हो जाएं तैयार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

2023 आईपीओ के लिए शानदार रहा। इस दौरान 80 प्रतिशत से अधिक आईपीओ की लिस्टिंग प्रीमियम पर हुई थी। अगर आप पिछले साल किसी भी कंपनी के आईपीओ पर दांव नहीं लगा पाए थे तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इस साल भी कई कंपनियों के आईपीओ आ रहे हैं। स्विगी, फर्स्टक्राई, ओला इलेक्ट्रिक, ओयो जैसी कंपनियां प्राइमरी मार्केट से पैसा जुटाएंगी। यानी निवेशकों के पास दांव लगाने का मौका मिलेगा। शेयर बाजार पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों के अनुसार एसएमई सेक्शन में 173 आईपीओ और मेन बोर्ड में 52 आईपीओ पिछले साल दस्तक दिए थे। इनमें से ज्यादातर की लिस्टिंग प्रीमियम पर हुई थी। टाटा ग्रुप के किसी कंपनी का आईपीओ लगभग 2 दशक बाद आया। टाटा टेक्नोलॉजीज ने अपने निवेशकों को निराश भी नहीं किया था।

- निवेशकों को इस साल भी दांव लगाने का मिलेगा मौका




### फर्स्ट क्राई पर होगी सबकी निगाह

जिन कंपनियों के आईपीओ पर इस साल निवेशकों की निगाह रहेगी उसमें फर्स्ट क्राई प्रमुख है। सेबी के पास कंपनी ने अपना ड्राफ्ट पेपर जमा कर दिया है। कंपनी आईपीओ के जरिए 1816 करोड़ रुपये फ्रेश इश्यू के जरिए जुटाने का प्रयास करेगी। वहीं, मौजूदा शेयर होल्डर्स 5,43,91,592 शेयर बेच सकते हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक का आईपीओ देगा दस्तक

भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने के मामले में ओला इलेक्ट्रिक अग्रणी कंपनी है। कंपनी का आईपीओ इस साल आ सकता है। ओला इलेक्ट्रिक फ्रेश इश्यू के जरिए 5500 करोड़ रुपए जुटाने की कोशिश करती नजर आएगी। वहीं, प्रमोटर्स और निवेशक 9.52 करोड़ शेयर बेच सकते हैं।

### स्विगी से बड़ी उम्मीदें

रिपोर्ट्स के अनुसार फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी आईपीओ के जरिए 1 बिलियन डॉलर जुटाने की कोशिश में रहेगी। इसके हेल्थ विस्ता इंडिया का आईपीओ नए साल पर आ सकता है। कंपनी को सेबी ने पहले ही हरी झंडी दे दी है।

# दिग्गज फुटबॉलर मेसी को बड़ा सम्मान, 10 नंबर जर्सी होगी रिटायर



मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं.

एजेंसी ▶▶। अर्जेंटीना

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी एक बार फिर चर्चा में हैं। जब मेसी संन्यास ले लेंगे तो उनकी 10 नंबर जर्सी को रिटायर कर दिया जाएगा। इसका मतलब ये है कि अब भविष्य में इस नंबर की जर्सी कोई भी प्लेयर नहीं पहन सकेगा। मेसी को सम्मान देने के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह फैसला किया है। लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने पिछले साल कतर हुए फीफा विश्व कप पर कब्जा कजमाया था। टीम ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया था और 36 साल बाद

### 2022 में जीता था विश्व कप

लियोनेल मेसी फुटबॉल की दुनिया के दिग्गज हैं। साल 2022 उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था। मेसी के करियर की यह पहली वर्ल्ड कप ट्रॉफी थी। इससे पहले साल 2014 में मेसी की टीम जर्मना से फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला हार गई थी।



### ये दिग्गज भी पहन चुका है 10 नंबर की जर्सी

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं। वह भी अर्जेंटीना से खेलते थे। इस टीम ने माराडोना के सम्मान में इस जर्सी को 2002 में रिटायर करने की कोशिश की थी, लेकिन इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन के सख्त नियमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। आपको बता दें कि कुछ सप्ताह पहले 2022 वर्ल्ड कप के दौरान मेसी द्वारा पहनी गई 6 जर्सियां एक नीलामी में 7.8 मिलियन डॉलर (करीब 64 करोड़) में बेची गई थीं।

### मेसी ने 106 गोल किए हैं

लियोनेल मेसी अर्जेंटीना के लिए लंबे समय तक खेले हैं। उन्होंने 180 मैचों में 106 गोल किए गए हैं। खास बात ये है कि मेसी ने साल 2021 कोपा अमेरिका और 2022 में वर्ल्ड कप टीम को जिताया है। अब 2026 के फीफा वर्ल्ड कप में वह खेलेंगे या नहीं, ये साफ नहीं हो पाया है।

### अब कोई नहीं पहन सकेगा इस नंबर की जर्सी

एक रिपोर्ट में अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के हवाले से लिखा गया है कि जब मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेंगे तो उनके बाद किसी और को उनकी 10 नंबर की जर्सी पहनने की इजाजत नहीं होगी। 10 नंबर की जर्सी को मेसी के सम्मान में रिटायर कर दिया जाएगा। हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते हैं।

# टीम इंडिया के पास केपटाउन में इतिहास रचने का मौका

एजेंसी ▶▶। केपटाउन

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी से केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान में शुरू होने वाला है। बता दें कि इस मैदान में भारत आज तक एक भी मैच नहीं जीता है। दक्षिण अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है। उन्होंने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को पारी और 32 रन से हराया था। ऐसे में यह टेस्ट भारतीय टीम हर हाल में जीतना चाहेगी और भारत कैसे भी दूसरा टेस्ट जीतकर इतिहास रचने या फिर ड्रॉ कराकर सीरीज में क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार।

**द.अफ्रीका :** डीन एल्गर (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, कीगन पीटरसन, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन, मार्को जेन्सन, लुंगी एनगिडी, कगिसो रबाडा और नंद्रे बर्गर।

### भारत-द.अफ्रीका मैचों के आंकड़े

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 43 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 15 मैच में जीत मिली है। 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की धरती पर दोनों टीमों के बीच 24 टेस्ट खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत और 13 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं।

### इनके प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एल्गर ने पिछले 10 मुकाबलों में 563 रन बनाए हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने शानदार शतक (185) लगाया था। मार्करम ने पिछले 5 मैच में 39.63 की औसत से 317 रन बनाए थे। कोहली ने पिछले 10 मैच में 47.73 की औसत से 716 रन बनाए हैं। रोहित के बल्ले से पिछले 8 मैच में 545 रन निकले हैं। रबाडा ने पिछले 9 मैच में 44 विकेट झटके हैं। जडेजा के नाम पिछले 7 मैच में 33 विकेट है।

### कैसा है पिच का मिजाज?

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान की पिच पर टेस्ट क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा। पिच से मिलने वाले बाउंस की मदद से तेज गेंदबाज कहर बनकर टूटते हैं। हालांकि, अगर बल्लेबाज क्रीज पर टिक जाता है तो वह रन बटोर सकता है। यहां स्पिन गेंदबाजों को काफी संघर्ष करना पड़ता है। यहां सबसे बड़ा स्कोर 334 रन चेज हुआ है।

### इस मैदान में एक भी टेस्ट नहीं जीता

भारतीय टीम ने यहां अब तक 6 टेस्ट मैच खेले हैं। 4 मैच में टीम को हार मिली है और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। टीम इस मैदान पर एक भी टेस्ट मैच जीतने में सफल नहीं रही है।

## जगरेब ओपन के लिए कुश्ती टीम का ऐलान



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिये 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा। डब्ल्यूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। तदर्थ समिति के प्रमुख भूपिंदर सिंह बाजवा हैं। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया है।

**टीम : पुरूष फ्रीस्टाइल :** अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विकी (97 किलो) और सुमित (125 किलो)

**ग्रीको रोमन :** ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)।

**महिला :** सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)

**कोचिंग और सहयोगी स्टाफ :** कुलदीप सिंह (टीम प्रमुख और कोच), विनोद कुमार, सुजीत, शशि भूषण प्रसाद, मनोज कुमार, वीरेंदर सिंह और अलका तोमर (कोच) विशाल कुमार राय (फिजियो) और नीरज (मालिशिया)।

**रैफरी :** सत्य देव मलिक, दिनेश धोंडिबा, संजय कुमार।

## खबर संक्षेप



### नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की

**ब्रिसबेन।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7-5, 6-1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। सैतीस वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाये। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं। अन्य मैचों में जर्मनी के यानिका हांफमैन ने पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोरडा को 7-5, 6-4 से मात दी। महिला वर्ग में 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन विजेता सोफिया केनिन ने 113वीं रैंकिंग वाली एरिना रोडियोनोवा को 7-5, 7-6 से हराया।


### चेन्नई ओपन : मित्रा से हारने के बावजूद कृष्णन शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर पी सरवना कुमार चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अधिराज मित्रा से हारने के बावजूद शीर्ष पर बने हुए हैं। कृष्णन चार अंक लेकर पांच अन्य ग्रैंडमास्टर फेडोरोव



अलेक्सेइ (बेलारूस), ग्लेक इगोर (बेल्जियम), के मुहम्मद (ताजिकिस्तान), मानिक मिकुलास (स्लोवाकिया) और एंगुयेन डुक होआ (वियतनाम) के साथ शीर्ष पर हैं। अलेक्सेइ ने मुरली कृष्णन को हराया लेकिन इगोर को रोहित एस के हाथों पराजय झेलनी पड़ी। मुहम्मद ने कोल्ला भावन और मिकुलास ने श्रीराम आदर्श उप्पाला को मात दी। अंतरराष्ट्रीय मास्टर अरण्यक घोष, वियानी अंतोनियो डिकुन्हा और साहिल डे समेत छह खिलाड़ी दूसरे स्थान पर हैं।

### अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ की शानदार शुरुआत



**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ ने मंगलवार को यहां ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में हमवतन क्लेरी लियु को सीधे सेटों में हराकर 2024 के अपने सत्र की शानदार शुरुआत की। गत चैंपियन गॉ ने अपने फोरहैंड का शानदार नमूना पेश किया तथा लियु को 6-4, 6-2 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। गॉ ने पिछले साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने नए साल की शुरुआत हार के साथ की। उन्हें पहले दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने 6-4, 6-3 से पराजित किया।

## ओलंपिक क्वालीफायर : महिला टीम की पहली भिड़ंत 13 को अमेरिका से

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने आगामी 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाली एफआईएच हॉकी क्वालीफायर्स रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के 18 सदस्यों के नाम की घोषणा की है।

हाल ही में लगातार तीसरी बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाली अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है। क्वालीफायर की शीर्ष तीन टीमों को पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलेगा। टीम प्रतियोगिता में शीर्ष तीन टीमों में जगह बनाने और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने के लक्ष्य के साथ रांची में मैदान में उतरेगी।



### भारत पूल बी में, अभियान की शुरुआत 13 से


भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच होगा और 16 जनवरी को आखिरी पूल बी मैच में वह इटली के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

### गोल संभालेंगी सविता और बिचू, इनको भी मिली जगह

सविता एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेगी। वहीं, अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया को टूर्नामेंट के लिए उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम में गोलकीपर, सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं। इस बीच, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और मोनिका को टीम में डिफेंडर के रूप लिया गया है।

### चैम्पियन अमेरिका को हराकर आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप क्वार्टर फाइनल में

पर्थ। गत चैम्पियन अमेरिका को 2-1 से हराकर मेजबान आस्ट्रेलिया युनाइटेड कप टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6-3, 6-1 से हराया। आस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट में ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा। इससे



पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-2 से हराकर आस्ट्रेलिया को 1-0 से बढत दिला दी थी लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7-6, 6-3 से मात देकर बराबरी दिलाई। एक अन्य मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते जिसके दम पर पोलैंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं फ्रांस ने जर्मनी को 2-1 से मात दी। स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो को मात दी।

## ऑस्ट्रेलिया ने लगाई वनडे जीत की हैट्रिक नहीं टिक सकीं भारतीय महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶। मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम को 190 रन से हार मिली है। तीन मैचों की वनडे सीरीज पर ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से कब्जा जमा लिया है।

भारतीय टीम एक भी वनडे मैच अपने नाम नहीं कर पाई। पहले वनडे में टीम को 6 विकेट से और दूसरे मैच में 3 रन से हार मिली थी। आखिरी मैच में कई रिकॉर्ड्स भी बने।




### ऐस रहा मैच का हाल

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनका फैसला सही साबित हुआ और पहले विकेट के लिए फोएबे लिचफील्ड और एलिसा हीली ने 189 रन जोड़े। लिचफील्ड ने 119 और हीली ने 82 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 338 रन का स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 148 रन बना पाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वेयरहैम ने 3 विकेट लिए। मेगन शुट्ट, अलाना किंग और एनाबेल सदरलैंड ने 2-2 विकेट झटके।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी में बने ये रिकॉर्ड्स

ऑस्ट्रेलिया द्वारा 338 रन भारतीय महिला टीम के खिलाफ किसी भी टीम के द्वारा वनडे में बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले साल 2018 में भारतीय टीम के खिलाफ 332 रन बनाए थे।

### पाकिस्तान सीरीज में 2-0 से पीछे

## वॉर्नर का आखिरी टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया को दिलाएंगे क्लीन स्वीप !

एजेंसी ▶▶। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 3 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है। सीरीज में कंगारू टीम 2-0 की बढ़त ले चुकी है। ऐसे में पाकिस्तान आखिरी मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगा। डेविड वार्नर का यह आखिरी टेस्ट होगा। उन्होंने पहले ही संन्यास की घोषणा कर दी थी। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 05:00 बजे से प्रारंभ होगा।



### पाक के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का रहा है दबदबा

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच अब तक टेस्ट क्रिकेट में कुल 71 बार आमना-सामना हुआ है। कंगारू टीम इनमें से 36 मैच, वहीं पाकिस्तान ने 15 मैच ही जीते हैं। इस बीच 20 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों के बीच खेले गए 39 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 28 और पाकिस्तान ने केवल 4 मैच जीते हैं। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछले 28 साल में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीती है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

बाबर ने पिछले 10 मुकाबलों में 43.37 की औसत से 824 रन बनाए हैं। शकील ने पिछले 9 टेस्ट मैच में 68.57 की औसत से 960 रन बनाए हैं। मार्श ने सीरीज के 2 टेस्ट मैच में 96.67 की औसत से 290 रन बनाए हैं। वार्नर के बल्ले से 2 मैच में 52.00 की औसत से 208 रन निकला है। कमिंस ने 2 मैच में 13 विकेट झटके हैं। अबरार के नाम पिछले 6 मैच में 38 विकेट है।


## हार्दिक पंड्या जिम में बहा रहे जमकर पसीना, कमबैक की तैयारी कर रहा स्टार ऑलराउंडर

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या कमबैक के लिए जमकर तैयारी कर रहे हैं। इसकी जानकारी हमें उनके इंस्टाग्राम पोस्ट में मिली। दरअसल, पंड्या ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है, जिसमें वो जिम में जमकर वर्कआउट करते हुए नजर आ रहे हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भारतीय ऑलराउंडर चोटिल हो गए थे। जिसके बाद से वो लगातार टीम इंडिया से बाहर हैं। बता दें कि, हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पहले ऑस्ट्रेलिया और फिर साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए। वहीं 11 जनवरी से शुरू होने वाली अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भी उनका खेलना मुश्किल है। हालांकि, वो मैदान पर वापसी के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हार्दिक ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का वीडियो शेयर किया। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि, प्रगति, हर दिन। वहीं फैंस भी हार्दिक के इस वीडियो पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जल्द ही वो वापसी करेंगे। गौरतलब है कि, एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि हार्दिक पंड्या 2024 से पहले ही पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अब कहा जा रहा है कि, पंड्या शायद आईपीएल 2024 के जरिए ही मैदान पर वापसी करेंगे। अगर वो इस साल आईपीएल खेलने में कामयाब होते हैं तो वो एक नए अंदाज और नई जिम्मेदारी के साथ नजर आएंगे।

लोक साहित्य

डा. रजनी पाठक

# छत्तीसगढ़ी का शिष्ट साहित्य



शिष्ट साहित्य और लोक साहित्य में अंतर है। शिष्ट साहित्य लिखित होता है और लोक साहित्य मौखिक होता है। छत्तीसगढ़ी साहित्य का संबंध लिखित परंपरा से है। शिष्ट साहित्य वर्षो पुराना है। इसका विकास भारतेंदु युग में हुआ है। छत्तीसगढ़ी साहित्य हिन्दी के आधुनिक युग के समानांतर प्रवाहित रहा है, उसे आधुनिक निर्दिष्ट कर लोक साहित्य के इति वृतात्मक या प्राचीन रूप से उसका प्राथक्य सिद्ध किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ी शिष्ट साहित्य जटिल होते हैं, क्योंकि इनके लिखित साहित्य से लोक, कोसों दूर रहते हैं और इनसे लोगों की तारतम्यता नहीं हो पाती। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सरल और मौखिक होने के कारण अगली पीढ़ी में सरलता से हस्तांतरित हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ी भी एक विभाषा है क्योंकि इनमें भी अनेक बोलियों का संगम है। आजादी के बाद शिष्ट साहित्य में काफी हद तक पाठकों के समक्ष स्थान बनाने में सफल होता जा रहा है। वर्तमान समय में शिष्ट साहित्य की उपयोगिता भी अधिक महसूस की जा रही है।

पुस्तक समीक्षा

## लोक मानस की महानदी झेंझरी




कृति के नाव
लोक मानस की महानदी झेंझरी

कृतिकार
डा. पीसी लाल यादव

प्रकाशक
स्मृति प्रिंट हाऊस भिलाई

समीक्षक
ओमप्रकाश 'अंकुर'

मूल्य
छै सौ पंचानबे रुपए

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा को जीने वाले कृतिकार ने आंचलिक संस्कृति पर खूब लिखा है और लिख रहे हैं। आप शिक्षा जगत से सेवानिवृत्त होने के बाद अपने समय का भरपूर साहित्य लेखन में कर रहे हैं। आप छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनझुए पहलुओं को लगातार अपनी लेखनी के माध्यम से जन समक्ष लाने का प्रयास करते रहे हैं। 'लोक मानस की महानदी झंझरी' भी इसी कड़ी का ही भाग है जिसमें दस खंडों में आंचलिक लोक शिल्प, लोकनाट्य परंपरा, लोक मानस में राम कथा और लोक संगीत जैसे विषयों को चित्रित किए हैं। पाठकों और शोधकर्ताओं के लिए यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी और पठनीय है।



ऐतिहासिक तथ्य के अधार म पता चलथे कि बस्तर रियासत म मराठा शासक मन के अधिकार (1777-1853) तक रिहिस हे। वो मन बस्तर के शासक मन ले टेक्स वसूली करत रिहिन हे। इही बीच कुछ मराठा सैनिक मन मराठी संग अल्वी बोली के जानकार रिहिन हे। वइसे पूरा बस्तर अंचल म देखे जाए त कोंडागांव जिले बीच भाग में बोले जाने वाला हल्बी ल मानक 'हल्बी' बोली माने जाथे।

# कोंडागांव अंचल म जादा प्रभावी हे हल्बी बोली

वइसे हल्बी लोक भाषा ल हल्बा जनजाति के भाषा केहे गेहे, फेर येहा संभवतः सहज-सरल होय के सेती बस्तर अंचल के कतको अउ जनजाति मन बोले ल धर लेहें। हल्बी भाषा के उत्पत्ति कब ले होय हे येकर कोनो निश्चित प्रमाण नी मिल पाय हे। कुछ लोगन मन के मानना हे कि येहा लोक भाषा वारंगल ले राजा अन्नमदेव के संग आए हे, कुछ लोगन के मानना हे कि येहा महाराष्ट्र ले त कुछ लोगन मन ओड़िसा ले आय हे अइसे मानथें। महारष्ट्र के एक भू-भाग में विशेष रूप से बोले जाने वाला भाषा 'अल्वी' ल नागपुर के आसपास के माने जाथे। ऐ मेर ए देखे ल मिलिस कि हमन 'अल्वी' बोली ल समझत रेहेन त वोमन हमर हल्बी बोली ल समझत रिहिन। येकर ले समझ अइस कि दोनों बोली म काफी समानता हे। फेर महाराष्ट्र म हल्बा समाज के हल्बी बोली ल मान्यता नइ मिले हे, अउ ऐ बोली के बोलने वाला मन बुनकर पेशा ले जुड़े हवय।



लोक साहित्य : हरिहर वैष्णव

### कोंडागांव क्षेत्र के मानक बोली

ऐतिहासिक तथ्य के अधार म पता चलथे कि बस्तर रियासत म मराठा शासक मन के अधिकार (1777-1853) तक रिहिस हे। वो मन बस्तर के शासक मन ले टेक्स वसूली करत रिहिन हे। इही बीच कुछ मराठा सैनिक मन मराठी संग अल्वी बोली के जानकार रिहिन हे। वइसे पूरा बस्तर अंचल म देखे जाए त कोंडागांव जिले बीच भाग में बोले जाने वाला हल्बी ल मानक 'हल्बी' बोली माने जाथे। येकर ले भी अनुमान लगाय जा सकत हे कि ये बोली ह महाराष्ट्र ले आय होही। जेन भी कारण होवय पेर हल्बी बोली अउ भाषा के बस्तर अंचल म काफी प्रभाव हावे।

# धमधागढ़ के महामाया मंदिर में विराजित दुर्लभ तीन देवियां



ऐतिहासिक : डा. नीलकंठ देवांगन

छः आगर छः कोरी तालाब के लिए सुविख्यात छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला के धमधागढ़ में देश का एक ऐसा अनोखा मंदिर है जहां तीन देवियां महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती की बेजोड़ मूर्तियां एक साथ प्रतिष्ठित हैं। जम्मू कश्मीर के वैष्णोदेवी में यह तीन देवियां पिंड रूप में हैं लेकिन यहां साकार रूप में हैं जिनके एक साथ दर्शन से शक्ति संपदा और ज्ञान का आशीर्वाद मिल जाता है। इसकी स्थापना राजवंश के दसवें राजा दसवंतसिंह ने की थी जो संवत 1685 में गद्दी पर आसीन हुए थे। राजा के मां को महाकाली ने स्वप्न में निर्दिष्ट किया कि किला परिसर के सिंह द्वार पर मेरी मूर्ति भूमिगत है, किले से 5 मील दूर शिवनाथ नदी के तट पर रेत में महालक्ष्मी की, एक इमली पेड़ के खोह में महासरस्वती की मूर्ति है, इन सबको प्रतिष्ठित कराओ। महाकाली की मूर्ति खुदाई करने पर नहीं निकल सकी, नाभि के नीचे का अंत नहीं मिल सका। तब राजा ने मंदिर का निर्माण कर यहीं एक ही गर्भगृह में तीनों मूर्तियों को एक साथ प्रतिष्ठित कराया।

# अंग्रेजों के शासन काल से मुक्कड़दम और पटेल



परंपरा

डा. प्रकाश पतंगीवार

अंग्रेजों के समय में प्रशासन व्यवस्था के तहत मालगुजार ही लगान वसूल करते थे। जमींदारी जिसकी, वही मालगुजार। मराठों के समय छत्तीसगढ़ का राजस्व 5 लाख रुपए था। अंग्रेजों ने नया पद बनाया 'ग्राम पटेल'। ब्रिटिश सरकार ने भू राजस्व संहिता धारा 244 के तहत उन्हें संलग्न किया। उन्हें मुक्कड़दम कहा जाता था। अंग्रेज भी इन्हें मुक्कड़दम कहते थे। यही गौटिया या सियान कहलाए। पहले विनिमय मे कौड़ियां चलती थी। नमक और गुड़ का आदान प्रदान होता था। अंग्रेजी हुकूमत के समय सिक्कों का प्रचलन हुआ। गुरुर क्षेत्र में वर्मा, देशमुख, कृदत और पवार मालगुजार थे। इन पर गांव और लगान का भार था। उस समय दुर्ग जिला नहीं बना था। तब गुरुर, धमतरी, कांकेर और रायपुर एक साथ थे। अंग्रेजों के दस्तावेज के अनुसार ग्राम खुंदनी के पीलू सिंह वल्द विश्वनाथ सिंह को लगान वसूलने की जिम्मेदारी दी गई थी। उल्लेखनीय है कि पीलू और उनके वंशज ने देश के आजाद होते तक अंग्रेज सरकार को लगान वसूल कर दिया करते थे। उनके वंशज आज भी इस क्षेत्र में निवासरत हैं। यह परंपरा आज भी चली आ रही है।

# अनेक महत्व को संजोए चंदखुरी का फूटहा मंदिर



पुरातात्विक

केवल कृष्ण

आठवीं से दसवीं शताब्दी के दौर में छत्तीसगढ़ का परिदृश्य देंखे, तो यह कालखंड विभिन्न राजवंशों के बीच काफी उठापटक का काल खंड रहा। बस्तर और कोरापुट में शक्तिशाली नल वंश का दबदबा था। उत्तर की ओर से कल्चुरी फौज फटाखे के साथ चले आ रहे थे। पश्चिम में ओडिशा का सोमवंश छत्तीसगढ़ में अपना दबदबा कायम करने के लिए संघर्ष कर रहा था। राजा महाराजा मंदिर बनवा रहे थे भविष्य की मनौतियां मांग रहे थे। चंदखुरी का फूटहा मंदिर उसी दौर का है। यह छः मासी मंदिर बन नहीं पाया, अधूरा रह गया। चंदखुरी को ही माता कौशल्या का जन्म स्थान होने के भौतिक प्रमाणों की तलाश में हम आठवीं शताब्दी के इस मंदिर को देखते हैं। भयंकर गहमा गहमी और ऐतिहासिक उथल पुथल के बीच फूटहा मंदिर बना था। मंदिर में जड़े पत्थर यदि बोल सकते तो आठवीं से दसवीं शताब्दी के बीच का पूरा किस्सा कह सुनाते, लेकिन अफसोस कि वे मौन हैं।

सुरता

बसन्त राघव

# जाने माने संगीतज्ञ थेः प्रो. कल्याण दास

प्रो. कल्याण दास का जन्म जांजगीर जिला के नवापारा गांव में 10 अक्टूबर सन 1921 को हुआ था। इनके पिता कुशल दास महन्त स्वयं संगीतज्ञ थे। कल्याण दास जी ने समय पर कोविद की परीक्षा पास कर ली, अस्तु 1964 में उन्हें इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रोफेसरी मिल गई। सेवानिवृत्ति के बाद वे रायगढ़ लौट आए। कल्याण दास जी को भी मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग ने 'शिखर सम्मान' से विभूषित किया था। वे बहुत दिनों तक कला परिषद भोपाल के सदस्य भी रहे। वे इसराज, सारंगी आदि बजाने में प्रवीण थे। करमा और गम्मत (नाचा) के लिए भी वे प्रसिद्ध थे तथा कल्याण दास जी अक्सर सारंगढ़ महल में ही रहते थे।

जांजगीर जिला के नवापारा गांव जो चन्द्रपुर के पास है, 10 अक्टूबर सन 1921 को प्रो. कल्याण दास का जन्म हुआ था। इनके पिता कुशल दास महन्त स्वयं संगीतज्ञ थे। कल्याण दास जी ने समय पर कोविद की परीक्षा पास कर ली, अस्तु 1964 में उन्हें इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रोफेसरी मिल गई। सेवानिवृत्ति के बाद वे रायगढ़ लौट आए। कल्याण दास जी को भी मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग ने 'शिखर सम्मान' से विभूषित किया था। वे बहुत दिनों तक कला परिषद भोपाल के सदस्य भी रहे। वे इसराज, सारंगी आदि बजाने में प्रवीण थे। करमा और गम्मत (नाचा) के लिए भी वे प्रसिद्ध थे तथा कल्याण दास जी अक्सर सारंगढ़ महल में ही रहते थे। हिज हाइनेस जवाहर सिंह की इकलौती पुत्री बसंत माला घुड़सवारी और नाटकों का शौक रखती थीं। स्वयं कृष्ण और राधा की भूमिका अदा करती थी। संयोग से एक बार राजा चक्रधर सिंह ने सारंगढ़ दरबार में साजो श्रृंगार के साथ बालक कल्याण दास को नाचते हुए देख लिया। वे उनके पद चालन एवं सुरीली आवाज से बड़े प्रभावित हुए और अपने



श्वसुर से बालक कल्याण दास को मांग ही लिया, और शिष्य बना लिया। कल्याण दास जी को कथक नृत्य की शिक्षा पंडित जयलाल महाराज, अच्छन महाराज (भाव) लच्छू महाराज (अभिनय), शंभू महाराज (तीन ताल एवं खूबसूरती), नारायण प्रसाद ( एकताल), आदि गुरुओं से मिली। इसी प्रकार उन्होंने हाजी मोहम्मद से गायन, ख्याल, टप्पा, ठुमरी, गजल, कव्वाली की शिक्षा ली। नत्थू खां जैसे उस्ताद से उन्होंने तबले की उच्च शिक्षा ली। बाद में मुनीर खां, कादर बख्श और अहमद जान से भी तबले के कठिन कायदे सीखे। नृत्य सम्राट कल्याण दास को पहली बार 1936 में इलाहाबाद म्यूजिक कान्फ्रेंस में उतारा गया। इसके बाद मेरठ, बरेली 1934, रायगढ़ 1942, दिल्ली 1944, खैरागढ़ आदि के अखिल भारतीय संगीत सम्मेलनों में उन्होंने भाग लिया, पुरस्कृत हुए और कथक की। अंतिम दिनों में उन्होंने ह्लभ"ꣳ नृत्वह्व नाम का एक सुंदर ग्रंथ लिखा, जिसका प्रकाशन उनके देहपतन के बाद भी नहीं हो सका। प्रो. कल्याण दास जी ने उड़िया फिल्मों में भी नृत्य निर्देशन भी किया था। यों तो उन्होंने दर्जनों शिष्य तैयार किए हैं, लेकिन भगवान दास माणिक उनके प्रिय शिष्यों में से हैं। वे नृत्य संगीत में पी. एच. डी. की उपाधि से अलंकृत हैं और मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालय में संगीत विषय के प्रोफेसर हैं। कल्याण दास जी के अन्य प्रमुख शिष्यों में सीताराम झा, राजकुमुद ढोलिया, कृष्ण कुमार सिन्हा, ज्योति बख्शी, नीता चौहान, वंदना, मोहिनी माणिक प्रमुख हैं।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पहुंचे संत कबीर की धरती के करमैनी गांव में, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत करते हुए सरकार की लाभान्वित योजनाओं के बारे में किया जन जागृत

प्रखर संतकबीरनगर। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आज संतकबीरनगर जिले के मेहदावल विधान सभा के करमैनी गांव में पहुंचे । जहा पर सांसद ई प्रवीण निषाद,सदर विधायक अंकुर राज त्रिपाठी, मेहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी,धनघटा विधायक गणेश चौहान , सहजानंद राय, पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ल ने संयुक्त रूप से फूल माला तथा बुके दे कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात सरकार के द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं के स्टॉल पर जा कर लाभार्थियों से रूबरू हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना में , किसान सम्मान निधि योजना के पत्र व्यक्ति तथा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे महत्वांछी योजनाओं से लाभान्वित पात्र व्यक्ति से रूबरू होते हुए प्रशस्ति पत्र दिया गया। तत्पश्चात अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि संतकबीरनगर लोक सभा सहित हम लोग जीतेंगे अबकी बार 400 के पार तीसरी बार मोदी सरकार । इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाने या हमारा जो अभियान है वह हैट्रिक मारने का है




और सपा हो बसपा हो कांग्रेस हो या अन्य विरोधी दल हो वह ठग बंधन के रूप में काम कर रहे हैं इनके पास प्रधानमंत्री पद के लिए एक भी योग्य प्रधानमंत्री बनने वाला कोई उम्मीदवार नहीं है भारतीय जनता पार्टी का भविष्य है और पार्टी पर भरोसा है । मोदी जी पर भरोसा है 22 जनवरी को जब राम लला आपने जन्म स्थान पर विराजमान होंगे उसके लिए प्रधानमंत्री ने 14 जनवरी को मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा होगी 5सौ साल बाद जब रामलाल अपने स्थान पर विराजमान होंगे और स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की है और 22 जनवरी को श्री राम ज्योति अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाने की अपील की है श्री राम मंदिर निर्माण को लेकर जबरदस्त उत्साह है प्रदेश में प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग 22 जनवरी को अयोध्या आना चाहते हैं लेकिन हम और प्रधानमंत्री जी ने लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या आने से मना किया ना आने का आग्रह किया है ओवैसी के मस्जिद वाले सवाल पर बोले भाजपा की लहर भाजपा की आंधी भाजपा की सुनामी 2024 में बहुत तेज चल रही है इन सब के बयान से टिप्पणी देने की कोई आवश्यकता नहीं है रामलाल की जन्म भूमि पर मंदिर का भव्य निर्माण 500 साल से हिंदू समाज राम भक्त लड़ रहे थे। घटिया राजनीति करने के लिए कांग्रेस पार्टी मुस्लिम वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिए राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी इन लोगों ने बहुत ज्यादा इन लोगों ने राम भक्तों का अपमानित किया है बहुत कष्ट पहुंचाने का काम किया है माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी तब राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग,उद्योग विभाग,कृषि विभाग,सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग,मत्स्य विभाग, स्वस्थ विभाग,समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण,शिक्षा विभाग,आदि विभागो के द्वारा स्टाल लगाकर कर प्रदर्शनी लगाई गईं । सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनायो के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संत कबीर नगर जिले के मेहदावल तहसील अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांव के हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया तथा उसमें मंत्री के उद्घोषक को सुना तथा सरकार के द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी और जन कल्याणकारी योजनाओं को समझा और उसे पर विचार कर हामी भरी। दूधराज ग्रामीण इलाके से आई हुई जनता ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ सब लोगों ने मिलकर बोला अबकी बार मोदी सरकार 400 के पार।

## त्रिमूर्ति खिलाड़ियों ने जौनपुर जिला स्तरीय एथलीट मीट प्रतियोगिता में डेहरी गांव को दिलाया 5 पदक

प्रखर जौनपुर। जौनपुर के इन्दिरागांधी स्पोर्ट स्टेडियम में एक दिवसीय जिलास्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 02.01.24 को आयोजित किया गया था, जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और खेल प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान हासिल किया। कहते हैं कि पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। पिछले कई वर्षों की लगातार उपलब्धियों से ऐसा ही कुछ साबित कर रहीं डेहरी गांव की त्रिमूर्ति बालिका खिलाड़ियों ने कर दिखाया है। वहीं के0 डी0 स्पोर्ट्स खिलाड़ियों ने कोच सोनू यादव के नेतृत्व में कुल 05 मेडल प्राप्त किए। सब जूनियर बालिका वर्ग में



आयुषी यादव 800मी0 प्रथम व नैंसी यादव द्वितीय स्थान, 100मी0 में नैंसी यादव द्वितीय व अंशिका यादव ने तृतीय स्थान व जूनियर वर्ग 200मीटर में आयुषी यादव तृतीय स्थान प्राप्त किए। खिलाड़ियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुदेव स्वरूप के0 डी0 स्पोर्ट्स कराटे के कोच सोनू यादव, सहयोगी खिलाड़ियों, डेहरी ग्राम प्रधान पति फरहान अहमद, छितौना ग्राम प्रधान पति सुभाष यादव (फौजी) व (ITBP) के जवान अजय कुमार यादव समस्त क्षेत्र वासियों व पत्रकार बंधुओं को दिया जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय और अखबार में जगह देकर खिलाड़ियों का निरंतर मान सम्मान व हौसला बढ़ाए इसके लिए समस्त पत्रकार बंधुओं का कोटि कोटि धन्यवाद व स्वागत करते हैं।

## शहर कोतवाली से मिली लावारिश शव को इंतजामिया कमेटी ने किया सुपुर्दे खाक

प्रखर जौनपुर। शहर स्थित हजरत भुंदरा शाह कब्रिस्तान पर लावारिस लाश इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक शव जो भंडारी पुलिस चौकी थाना कोतवाली द्वारा जिला अस्पताल से पोस्ट मार्टम के बाद प्राप्त हुआ था को सुपुर्दे खाक किया गया उक्त शव के बारे मे पुलिस ने सूचना दी की 72 घंटा पहले हालत नाजुक हालत में मिला जिसको किसी ने सदर अस्पताल पहुंचाया था, अस्पताल में इलाज के दौरान इस व्यक्ति की मौत हो गई अखबार और टीवी पर सूचना देने पर कोई भी वारिस नहीं आया तो पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को सौंप दिया गया। करोना काल से आज तक उक्त कमेटी सैकड़ों शव मुस्लिम समुदाय का दफन करवा चुकी है। उपाध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया की अगर प्रशासन को कोई भी लावारिस लाश



मुस्लिम समुदाय की मिलती है तो उस शव को उक्त टीम पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से दफनाने का कार्य करती है। सी ओ सिटी कुलदीप गुप्ता ने बताया की किसी भी लावारिश लाश को 72 घंटे पहचान के लिए रखने के बाद उसको अंतिम संस्कार के लिए कमेटी को सौंप दिया जाता है,उक्त मिट्टी की जनाजे की नमाज हाफिज माज हलीमी ने अदा कराई। मिट्टी में रिजवान, मास्टर मेराज, बख्तियार आलम, दानिश इकबाल, इरशाद मंसूरी, सलमान आरिफ शेख, मास्टर शाहिद अलीम सहित पुलिस अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## युवा लेखक आयुष्मान सिंह की पुस्तक द आर एस एस का हुआ लोकार्पण




प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। राष्ट्र निर्माण में विगत सौ वर्षों से निष्ठापूर्ण सेवा कार्य में लगे महा संगठन आर.एस.एस. के क्रिया कलापों, उसकी व्यापकता एवं दूरगामी प्रभावों का बहुत विस्तार से विश्लेषण करती युवा लेखक आयुष्मान सिंह एवं चिन्मय सक्सेना की पुस्तक द आर.एस.एस. का लोकार्पण शिक्षा जगत के उज्ज्वल नक्षत्र ब्रह्मलीन डॉ. राज सिंह के 83 वें जन्मदिवस के अवसर पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर वाराणसी के ज्ञानपीठ सभागार में किया गया` इस लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता केद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने की कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि एवं मुख्य वक्ता रमेश जी (प्रांत प्रचारक, कांशी प्रांत) थे` वरिष्ठ प्रचारक रामशीष जी समेत संघ के कई प्रमुख पदाधिकारी एवं विविध क्षेत्रों के गणमान्य जनों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की भव्यता में चार चाँद लगा दिए` पुस्तक लोकार्पण के बाद केन्दीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय जी ने पुस्तक की अत्यंत सराहना करते हुए इसके हिन्दी संस्करण की आवश्यकता पर बल दिया एवं कहा कि ऐसी कृतियाँ जन सामान्य की भाषा में उन तक अवश्य पहुँचनी चाहिए` काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक श्री रमेश ने संघ की सम्पूर्ण यात्रा पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसके विगत सौ वर्षों की गाथा को पुस्तक के रूप में महान उपलब्धि बताया एवं इसकी सफलता हेतु पुस्तक के लेखक आयुष्मान सिंह को ढ़ेरों बधाईयाँ एवं आशीर्वाद दिया` आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए आयुष्मान सिंह ने पुस्तक की भूमिका सबके समक्ष रखी धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संस्था सचिव राहुल सिंह ने सभी आगंतुको का आभार प्रकट किया एवं पुस्तक की सफलता हेतु ढ़ेरों शुभकामनाएँ दी` संस्था की निदेशिका डॉ वंदना सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह ने इस तथ्य परक पुस्तक की सराहना करते हुए लेखकद्वय को अनेकानेक शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## बृजमनगंज टैक्सी स्टैंड पर टेंपो चालकों ने नारेबाजी कर किया विरोध प्रदर्शन

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। देश में लागू होने जा रहे नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। भारतीय न्याय संहिता के नये कानून मे हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुमार्ना और 10 साल की सजा का प्रावधान है। इसके बाद से देशभर में ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्ट यूनियन द्वारा हड़ताल शुरू हो गई है। इसी क्रम में बृजमनगंज टेंपो टेंपो स्टैंड पर चालकों ने कानून हटाने के लिए विरोध में हाथों में तख्ती लेकर नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन किया। टेंपो चालकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा हम सभी के परिवार टूट जाएंगे। हम गरीब आदमी कहां जाएंगे। सरकार हम गरीबों पर ध्यान दें। हिट एंड रन कानून पर विचार करे सरकार। AIMTC की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए। इस दौरान टेंपो चालक झाबरमल, राम पूजन, छोटू, दिनेश, राधे, सूरज, वाहिद, सलमान, गौरी गौरी, पिंटू, गौरी, बैजनाथ, बुधीराम राजू पुजारी,भोलेनाथ, सोनू, केशव, दीपक, पुण्य मनोरंजन, उमेश टीपू परशुराम रिंकू सहित काफी संख्या में टेंपो चालक मौजूद रहे।



## कमजोरों की मदद में सदा आगे रहते थे जगदम्बा सिंहः राकेश जायसवाल

**अपनों को याद करना होगा नहीं तो भूल जाएंगी पीढ़ियांः शिवाजी राय, प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गए एडवोकेट स्व0 जगदम्बा सिंह**

प्रखर कसया, कुशीनगर। नपाप कुशीनगर अन्तर्गत महन्थ अवैद्यनाथ नगर स्थित श्री राधा कृष्ण मठ परिसर सिसवा-महन्थ चौराहे पर वरिष्ठ अधिवक्ता, राजनेता रहे स्व0 जगदम्बा प्रसाद सिंह की प्रथम पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ठंड से बचाव को लेकर जरूरत मन्दों में कम्बल बितरित किया गया। बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में गणमान्य जनों और लोगों ने स्व0 सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। स्व0 सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने कहा कि स्व0 सिंह बंचित, कमजोर व शोषित तबके के लोगों की मदद में हमेशा आगे रहते थे। उनका दुनिया से जाना सर्व समाज की क्षति है। विशिष्ट अतिथि सामाजिक चिंतक शिवाजी राय ने कहा कि जगदम्बा सिंह मृदुभाषी, मिलनसार, हँसमुख व्यक्तित्व के



धनी थे। वह न्याय के लिए आजीवन लड़ते रहे। हमें अपनों को याद करना होगा। नहीं तो आने वाली पीढ़ियां हम लोगों को भूल जाएगी। गीतकार दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने कहा कि जगदम्बा सिंह जनता के सच्चे हिमायती थे। इसी क्रम में गोरख सिंह, एडवोकेट जितेंद पटेल, एडवोकेट सुमन सिंह, अभा कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष राम नरेश पटेल, महासचिव जितेंद पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व0 सिंह को महान नायक बताया और कहा कि वह दलितों व पिछड़ों की आवाज थे। अध्यक्षता करते हुए किसान नेता गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने स्व0 सिंह के जीवन से जुड़े संस्मरण सुनाए। आयोजक बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के पूर्व महामंत्री छात्र संघ अशोक कुमार सिंह ने सबका स्वागत, आभार स्व0 सिंह के पौत्र गण शौर्य प्रताप सिंह व धैर्य प्रताप सिंह ने व्यक्त किये। इस अवसर पर स्वामी नाथ सिंह, पूर्व जिपंस आनन्द उर्फ सुरेश सिंह, सभासद विजेंदर प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, प्रभनाथ सिंह, राकेश पटेल, गेंदा सिंह, केदार सिंह, महेश।पासवान, रौनक सिंह, आदर्श पाण्डेय, यशवंत सिंह, संजय सिंह, गणेश सिंह, सत्य प्रकाश गोंड, युवा सामजसेवी प्रदीप सिंह, अजय सिंह, बलिकरन यादव सहित भारी संख्या में आये लोगों ने स्व0 सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।

## लक्ष्मीकांत पाण्डेय को वाराणसी का जिला अध्यक्ष बनाया गया



प्रखर लखनऊ। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज दिनांक 3-1-2024 को राम कृष्ण गेस्ट हाउस हजरतगंज लखनऊ में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश तिवारी जी किया। बैठक में सभी प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष मण्डल अध्यक्ष मौजूद थे। बैठक में सभी लोग सर्वसम्मति से हड़ताल का समर्थन किया।जबतक सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करती हैं तब तक हड़ताल जारी रहेगी। तथा कुछ पदाधिकारी का मनोनयन किया गया। जिसमें अनुराधा गुप्ता कन्नौज को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। तथा बम्हदेव मिश्रा को प्रदेश मे पदाधिकारी बनाया गया। और वाराणसी जिला का कार्यवाहक अध्यक्ष श्री लक्ष्मी कान्त पाण्डेय को बनाया। बैठक में प्रदेश महासचिव अशोक सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय सत्यनारायण सिंह विजय राय प्रमेप्रकाश यादव संतोष सिंह तमाम प्रदेश पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंद और गरीबों के बीच कंबल का वितरण




प्रखर दानगंज चोलपुर वाराणसी। असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया स्थानीय क्षेत्र के गोला निवासी एमएलसी श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह व समाजसेवी जगदीश सिंह व आकाश सिंह सन्नी ने अपने आवास पर अपने हाथों से कंबल का वितरण किए। इस दौरान एमएलसी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अपने पुत्र अकाश सिंह सन्नी के इच्छा अनुसार यह पुनीत कार्य हुआ व ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानियों को देखते हुए कंबल वितरण किया गया कड़ाके की ठंड में असहयों की सेवा ही मानवता की सेवा है इस अवसर पर पांच सौ से अधिक बुजुर्ग व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया उक्त अवसर पर पूर्व प्रधान संजय सिंह, आकाश सिंह सन्नी, अभय सिंह, नागेंद्र यादव, अशोक यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### बृजमनगंज मे पेट्रोल किल्लत की डर से पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतारे



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। देश भर में जहां मंगलवार दूसरे दिन भी जगह जगह ट्रक एवं परिवहन चालकों द्वारा वाहन को खड़ा कर हिट एंड रन कानून के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ पेट्रोल पंप ईंधन की समस्या उत्पन्न होने के समाचार मिल रहा है कई पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल खत्म हो गया है इसी इसी क्रम में आज बृजमनगंज स्थित अग्रवाल फिलिंग स्टेशन पर देर शाम गाड़ियों की लंबी कतारे दिखाई दी। वाहन चालकों द्वारा ईधन लेने के लिए धक्का मुक्की करने लगे। भीड़ को संतुलित करने के लिए वहां के कर्मचारियों को पुलिस का सहारा लेना पड़ा बृजमनगंज उपनिरीक्षक अमित कुमार राय पुलिस फोर्स के साथ पेट्रोल पंप पर पहुंचकर लोगों को लाइन से ईंधन लेने के लिए समझाया।तब जाकर भीड़ शांत हुई।पेट्रोलियम उद्योग से जुड़े लोगों ने कहा कि ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर दो-तीन दिनों तक का भंडार है और अगर हड़ताल घोषणा के मुताबिक, तीन दिनों तक चलती है तो कोई समस्या नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि अगर हड़ताल का समय बढ़ाया गया या पूरे देश में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया तो परेशानी होगी।

### बृजमनगंज नगर पंचायत द्वारा बेसहारा वृद्ध असहाय लोगों में बांटे गए कंबल



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर शीत लहर एवं बढ़ते कड़ाके की ठंड को देखते हुए कहीं कोई वृद्ध बेसहारा असहाय की ठंड के कारण मौत न हो इसी क्रम में बृजमनगंज नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल तथा ई ओ सुरभि मिश्रा के नेतृत्व में प्रत्येक वार्ड से सभासद द्वारा चिन्हित वृद्ध बेसहारा, विधवा, विकलांग, महिला एवं पुरुष को बुलाकर कंबल वितरित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने बताया कि कुल एक हजार कंबल बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम में प्रधान लिपिक रमेश चौधरी, लिपिक राहुल यादव, मोहम्मद कासिम, राजकुमार, सुरेंद्र, विजय शंकर पांडे, दीपक विश्वकर्मा, अमरनाथ मौर्या, सहाबुद्दीन, सभासद जी पी गौड़, रवि यादव, मनोज जैसवाल, दिलीप गुप्ता, सनी देओल, प्रद्युमन सिंह सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरण किया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। स्पंदन गोमती रामसुरत वेल्फेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में भारत पैथोलॉजी (डॉक्टर अर्श) जितेंद्र मलिक यादव एवंभैया के सहयोग जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरण किया गया।विभु पांडे ने ने बताया की ठंड के देखते हुए जरूरतमंदों को आगे भी कंबल वितरण किया जाएगा। जिसमें शीला देवी शुभम विराट सभी ने अपना भरपूर समय देकर पुनीत कार्य को सफल बनाया।संस्था की अध्यक्ष विभु पांडे ने सभी सहयोगी साथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।



प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं